देश का Darpan News TV

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समचार भेजें

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com

web : www.deshkadarpannews.co

Comming Soon

वर्ष-5, अंक:166 | जयपुर, गुरुवार, 28 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## गोवा में फिडे विश्व कप 2025, पीएम मोदी बोले- भारत को मेजबानी पर बेहद खुशी है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गोवा 30 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच फिडे विश्व कप की मेजबानी करेगा। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था ने इसकी घोषणा की। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई है कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'भारत को प्रतिष्ठित फिडे वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी करने पर बेहद खुशी है, और वह भी दो दशकों से ज्यादा समय के बाद। शतरंज हमारे युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। मुझे यकीन है कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे और दुनियाभर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।'

शुरुआत में नई दिल्ली को मेजबान स्थल माना जा रहा था, लेकिन लॉजिस्टिक संबंधी चिंताओं के कारण फैसला बदला गया और आखिरकार फिडे ने गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुना।

कुल 206 प्रतिभागी गोवा में आठ राउंड के नॉकआउट मुकाबलों में भिड़ते हुए दो मिलियन अमेरिकी डॉलर की प्राइज मनी जीतने की कोशिश करेंगे। यह टूर्नामेंट विन-ऑर-गो-होम फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसने लंबे समय से वर्ल्ड कप को खेल जगत का सबसे रोमांचक आयोजन बना दिया है।



शीर्ष 50 वरीय खिलाड़ियों को पहले दौर से छूट मिलेगी, जबकि शेष खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत राउंड 1 से करेंगे। प्रत्येक मुकाबला दो क्लासिकल गेम्स पर आधारित होगा। अगर नतीजा नहीं निकलता, तो टाई-ब्रेकर के लिए रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबले खेले जाएंगे। पुरस्कार राशि और खिताबों के अलावा, विश्व कप में बहुत कुछ दांव पर लगा है। शीर्ष तीन खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे, जो विश्व चैंपियनशिप के ताज के लिए दावेदार का निर्धारण करता है। भारत ने इस टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण साल 2002 में हैदराबाद में आयोजित किया था। विश्वनाथन आनंद ने वर्ष 2000 और 2002 में विश्व कप के शुरुआती दो संस्करण जीते थे। वहीं, 2023 में बाकू (अजरबैजान) में खेले गए विश्व कप में भारत के आर. प्रज्ञानानंद दूसरे स्थान पर रहे, जबकि नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन चैंपियन बने थे। हालांकि, इस बार प्रतिष्ठित आयोजन में पांच बार के चैंपियन मैग्नस कार्लसन के हिस्सा लेने की संभावना कम है।

## कासगंज चंदन गुप्ता हत्याकांड के दोषी सलीम की इलाज के दौरान मौत

**एजेंसी**



**लखनऊ ।** कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषी सलीम की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ जिला कारागार के जेलर ने सलीम की मौत की पुष्टि की है। सलीम को इलाज के लिए लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में भर्ती कराया गया था, जहां पुलिस सुरक्षा में उसका इलाज चल रहा था। बुधवार को उसकी हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। सलीम, 2018 में कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में मारे गए चंदन गुप्ता की हत्या का शामिल था। एनआईए स्पेशल कोर्ट, लखनऊ ने सलीम को अन्य 27 दोषियों के साथ इस मामले में दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट का फैसला आने के बाद सलीम ने अन्य दोषियों के साथ आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद से वह जेल में बंद था।

## सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर में एक अफसर को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर में स्वास्थ्य विभाग के सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) के पद पर तैनात अधिकारी संजीव बाली को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सीबीआई के अनुसार शिकायत मिली थी कि संजीव बाली एक दुकानदार से 10 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे थे। उन्होंने कहा था कि अगर पैसे दिए जाते हैं, तो वे दुकान से कोई नमूना नहीं लेंगे और एक साल तक निरीक्षण भी नहीं करेंगे। इससे दुकानदार को कोई परेशानी नहीं होगी और वह आसानी से अपना काम कर सकेगा। सीबीआई ने 25 अगस्त को इस शिकायत पर कार्रवाई की और एक जाल बिछाया। जैसे ही संजीव बाली ने दुकानदार से 10 हजार रुपये लिए, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद सीबीआई ने उनके घर और अन्य ठिकानों की तलाशी ली। वहां से 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और कई जरूरी कागजात मिले हैं। अभी इन सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सीबीआई अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## आयुर्वेद प्रकृति के साथ सामंजस्य में निहित एक जीवन विज्ञान है : प्रतापराव जाधव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने कहा कि आयुर्वेद केवल एक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति और पर्यावरण के बीच सामंजस्य के सिद्धांत पर आधारित जीवन का विज्ञान है। उन्होंने सोशल मीडिया पर संदेश साझा करते हुए कहा कि इस साल से हर साल 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। सरकार ने इस संबंध में मार्च 2025 को अधिसूचना जारी की है। वर्ष 2016 में अपनी स्थापना के बाद पहली बार, आयुर्वेद दिवस हर वर्ष एक निश्चित तिथि अर्थात 23 सितंबर को मनाया जाएगा। इससे पहले, आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती (धनतेरस) को मनाया जाता था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के उत्सव का विषय- 'लोगों और ग्रह के लिए आयुर्वेद' होगा। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 2016 में अपनी स्थापना के बाद से, आयुर्वेद दिवस भारत के पारंपरिक ज्ञान का उत्सव मनाने वाले एक वैश्विक आंदोलन के रूप में उभरा है। प्रथम अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करता है कि आयुर्वेद ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली उपचार प्रणाली है। 2025 का विषय समग्र स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी संतुलन को आगे बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उल्लेखनीय है कि 2024 में आयुर्वेद दिवस पर लगभग 150 देशों में गतिविधियों का आयोजन किया गया और यह आयुर्वेद की बढ़ती वैश्विक पहुंच की पुष्टि करती हैं।




# प्रकृति का रौद्र रूप....

## ▸▸ वैष्णो देवी रूट पर भूस्खलन से तबाही, 32 मौत, भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी धाम की तरफ जाने वाले रास्ते पर भारी बारिश से भूस्खलन हो गया। हादसे में 32 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है। अर्द्धकुंवारी के पास बुए भूस्खलन ने यात्रा मार्ग को प्रभावित कर दिया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।



भूस्खलन वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर स्थित अर्द्धकुंवारी गुफा मंदिर में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित मंदिर मार्ग का बड़ा हिस्सा मलबे में ढेर हो गया है। आशंका है कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। सेना और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। जम्मू-कश्मीर में हो रही लगातार बारिश से बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा हो गई है। जम्मू में ओवरब्रिज ढह गए हैं, बिजली लाइन और मोबाइल टावरों को नुकसान हुआ है। तीन पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं। श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन के बाद यात्रा को रोक दिया गया है।



## पंजाब में छत से हेलिकॉप्टर उड़ा, बिल्डिंग पानी में समाई: सेना ने 25 लोगों को बचाया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब में लगातार बारिश से 7 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बुधवार को सेना ने राज्य के पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स में बाढ़ के पानी से घिरी एक जर्जर बिल्डिंग से 22 CRPF जवानों और 3 नागरिकों का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के लिए सेना का हेलिकॉप्टर जर्जर बिल्डिंग की छत पर उतरा था। छत से हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने के बाद ही बिल्डिंग का अगला हिस्सा धराशायी होकर पानी में समा गया। इसके बाद भी सेना ने ऑपरेशन नहीं रोका और जर्जर बिल्डिंग की छत पर फंसे



सभी लोगों को बचा लिया। भारतीय सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो 𝕏 पर शेयर किया है। पंजाब में भारी बारिश के कारण 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं, रेलवे ने आज जम्मू और कटरा रेलवे स्टेशनों पर रुकने वाली या वहां से चलने वाली 22 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं। इससे पहले 27 ट्रेनों की यात्रा बीच सफर में ही रोक दी गई थी।

## महाराष्ट्र के विरार में बड़ा हादसा - रमाबाई अपार्टमेंट का एक हिस्सा ढहने से 2 की मौत

**विरार।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार पूर्व इलाके में स्थित रमाबाई अपार्टमेंट का बुधवार सुबह एक हिस्सा ढह गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 11 से अधिक लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है।

जानकारी के मुताबिक, इमारत का एक हिस्सा बगल की चॉल पर गिर गया, जिसके चलते चॉल में रह रहे कई लोग मलबे में दब गए। इससे पास की एक और इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वसई विरार शहर महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त दीपक सावंत ने आईएएनएस को बताया कि इमारत का आधा हिस्सा ढह गया था। इसमें लगभग 12 फ्लैट थे। रात से रेस्क्यू टीम काम कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही वसई-विरार महानगरपालिका की टीमें, दमकल विभाग, एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचे। युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। एनडीआरएफ अधिकारियों ने बताया कि अब तक 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



गया, जिनमें से 6 लोग घायल हैं और उन्हें विरार व नालासोपारा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।वसई-विरार शहर महानगरपालिका के सहायक आयुक्त गिल्सन घोन्साल्वीस ने बताया कि घटना सुबह करीब 4-35 बजे हुई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, फायर ब्रिगेड, और आपदा प्रबंधन दल ने तुरंत युद्धस्तर पर बचाव अभियान शुरू किया। अब तक 11 लोगों को मलबे से सुरक्षित निकालकर विरार और नालासोपारा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घोन्साल्वीस ने कहा, मलबे में कितने लोग फंसे हैं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल को सील कर दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इमारत की पुरानी स्थिति और संरचनात्मक कमजोरी इस हादसे का कारण हो सकती है।

## पीएम मोदी समेत नेताओं ने देशवासियों को दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं! यह महापर्व बुद्धि और विवेक के देवता भगवान श्री गणेश के जन्मोत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश से मैं प्रार्थना करती हूं कि वे व्यक्ति-निर्माण तथा राष्ट्र-निर्माण के मार्ग की सभी बाधाओं को दूर करते रहें तथा उनके आशीर्वाद से सभी देशवासी, पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए, सशक्त भारत के निर्माण में निष्ठा के साथ कार्यरत रहें। गणपति बाप्पा मोरया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, आप सभी को गणेश चतुर्थी की ढेरों शुभकामनाएं। श्रद्धा और भक्ति से भरा यह पावन अवसर हर किसी के लिए शुभकारी हो। भगवान गजानन से प्रार्थना है कि वे अपने सभी भक्तों को सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद दें। गणपति बाप्पा मोरया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। विघ्नहर्ता श्री गणेश जी हम सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का संचार करें। उनकी कृपा से भारत निरंतर एकता, सद्भाव और विकास के पथ पर अग्रसर हो। गणपति बाप्पा मोरया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की आराधना के पावन पर्व श्री गणेश चतुर्थी की सभी श्रद्धालुओं व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! भगवान सिद्धिविनायक सभी को सुख-समृद्धि और आरोग्यता का आशीर्वाद प्रदान करें, यही प्रार्थना है। गणपति बप्पा मोरया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने एक्स पोस्ट में लिखा, श्री गणेश चतुर्थी पर देशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएं। समस्त सिद्धियों के प्रदाता, प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से प्रत्येक जीवन में शुभ-लाभ का संचार हो, हमारा राष्ट्र निरंतर उन्नति के मार्ग पर गतिमान रहे।

## वोट के बिना गरीबों को कोई अधिकार नहीं: राहुल गांधी

**एजेंसी**

**मधुबनी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां इन्होंने सामाजिक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वोट के बिना गरीबों को कोई अधिकार नहीं मिल सकता।

उन्होंने कहा कि आजादी से पहले जब आपके पास वोट नहीं था, कोई अधिकार नहीं था। आजादी के बाद संविधान के कारण वोट का अधिकार मिला। जिस दिन वोट खत्म कर दिया गया, उस दिन संविधान का कोई मतलब नहीं रहता है। उन्होंने संविधान दिखाते हुए कहा, इसमें जो शक्ति है, ये किताब नहीं है, ये हिंदुस्तान की शक्ति है, हिंदुस्तान की आत्मा की शक्ति है। वो शक्ति इसमें कहां से आती है? वोट से आती है। वोट निकाल दिया तो जो भी इसमें लिखा है, उसका कोई मतलब नहीं, क्योंकि शक्ति नहीं है उसमें, पावर ही



नहीं है, दम ही नहीं है। दम वोट से आता है।उन्होंने आगे कहा, भाजपा वाले कहते थे कि उनकी सरकार 40 से 50 साल चलेगी। उस टाइम हम सोचते थे कि यह कैसे कह सकते हैं कि 40-50 साल सरकार चलेगी। अब सच्चाई पूरे देश के सामने आ गई है। वह यह बात इसलिए कह सकते हैं क्योंकि वे वोट चोरी करते हैं और यह चोरी इन्होंने अभी नहीं चालू की। यह चोरी गुजरात में पहले शुरू हुई, उसके बाद 2014 में नेशनल लेवल पर आई, उसके बाद चुन-चुनकर, चुन-चुनकर ये लोग राज्य जितवाते हैं।कांग्रेस नेता ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि एक बार आपका वोट चला गया, उसके बाद राशन कार्ड, आवास और उसके बाद जमीन जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना की चर्चा करते हुए कहा कि जाति जनगणना तो फाउंडेशन है। जाति जनगणना के बाद दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। तेलंगाना में इसका मॉडल है।उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की जो दीवार है, उसको हम तोड़ देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो भी राजनीतिक बदलाव आता है, क्रांति आती है, बिहार से आती है। गांधी जी चंपारण आए थे। इस यात्रा ने हमें दिखाया है कि सच में बिहार से क्रांति आती है।

## साइबर अपराधियों ने वायु सेना से सेवानिवृत्त कर्मी को परिवार समेत डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 3.21 करोड़

**एजेंसी**

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जनपद में साइबर अपराधियों ने वायुसेना से सेवानिवृत्त कर्मी, उनकी पत्नी और पुत्री को 36 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 3.21 करोड़ से अधिक रुपये की ठगी कर लिया। जालसाजों ने पीड़ित परिवार को मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित बताते हुए मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर उन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी कर ली। पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम प्रीति यादव ने बताया कि सेक्टर-25 स्थित जलवायु विहार में रहने वाली मलोबिका मित्रा ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता सुबीर मित्रा वायुसेना से सेवानिवृत्त हैं। वह पिता और मां केया मित्रा के साथ रहती हैं। 18 जुलाई को पिता के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। उसने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके सिम से लोगों को अवैध विज्ञापन, अश्लील फोटो, परेशान करने वाले मैसेज भेजने के लिए किया जा रहा है। इसके संबंध में केस दर्ज है, जिसकी जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। इसी दौरान मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बने जालसाजों ने बताया कि पीड़ित सुबीर मित्रा के नाम पर बैंक खाता खोला गया है, जिसका इस्तेमाल जेट एयरबेज के संस्थापक नरेश गोयल मनी लांड्रिंग मामले में हुआ है। उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट है, उन्हें मुंबई आने के लिए कहा। जांच के नाम पर जालसाजों ने पीड़ित और उनके परिवार को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। वीडियो कॉल के जरिये 24 घंटे तीनों की निगरानी की। 22 अगस्त तक कुल छह बार में तीन करोड़ 21 लाख 58 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। जालसाजों ने लगातार रुपयों की मांग की जाने पर मलोबिका मित्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की ठानी। साइबर सेल की डीसीपी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## हत्याकांड में नया मोड़ : निक्की के भाई की पत्नी मीनाक्षी भाटी का बड़ा खुलासा

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा ।** निक्की हत्याकांड मामले में अब मृतका के भाई रोहित की पत्नी और निक्की की भाभी मीनाक्षी भाटी का बयान सामने आया है, जिसने कई अहम खुलासे किए हैं। मीनाक्षी, जो निक्की के भाई रोहित की पत्नी हैं, ने निक्की के परिवार पर दहेज, पारिवारिक कलह और पंचायतों से जुड़े कई गंभीर आरोप लगाए। मीनाक्षी ने कहा कि घटना के वक्त आरोपी विपिन घर के नीचे था और वीडियो में वह दिखाई भी नहीं दे रहा है। वीडियो में निक्की की बहन कंचन उसे बचाने की कोशिश करती नजर आई।

मीनाक्षी के अनुसार, 'वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि निक्की ने खुद आग लगाई, विपिन का इसमें हाथ नहीं था।' उन्होंने बताया कि विपिन ने निक्की के नाम का टैटू



भी बनवा रखा था, जिससे पता चलता है कि वह उसे बहुत चाहता था। मीनाक्षी ने हालांकि अपने निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें खुद दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा, 'मुझे दहेज के लिए छोड़ा गया, कई बार 5-5 लाख रुपए लिए गए, यहां तक कि स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग भी की गई।' उनके मुताबिक, पंचायत में 35 लाख रुपये वापसी का फैसला हुआ था और विपिन के पिता सतवीर ने भी इसे मान लिया था। शादी के बाद से ही उनके साथ मारपीट होती रही और कभी ससुराल में उन्हें फोन इस्तेमाल तक नहीं करने दिया गया। मीनाक्षी के मुताबिक उसके ससुराल वाले कहते थे फोन परिवार का नाश कर देता है। निक्की की भाभी मीनाक्षी ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति रोहित महीनों घर नहीं आते थे और उनका किसी अन्य महिला से संबंध हो सकता है। मीनाक्षी की मां ने भी आरोप लगाए कि शादी के एक महीने बाद से ही मारपीट शुरू हो गई थी। दहेज में कार, 21 तोले सोना और घर का सामान देने के बावजूद उनका शोषण जारी रहा। मीनाक्षी ने साफ कहा कि 'विपिन, उसके माता-पिता और परिवार के लोग सही हैं, लेकिन रूपबास परिवार पूरी तरह गलत है।'

उन्होंने यह भी बताया कि निक्की और कंचन अपनी ससुराल में खुशहाल जीवन जी रही थीं और उनके रहन-सहन से कभी नहीं लगा कि वे परेशान थीं। इस पूरे बयान ने निक्की हत्याकांड में एक नया मोड़ ला दिया है, जहां एक ओर निक्की की मौत को दहेज हत्या बताया जा रहा है, वहीं परिवार के भीतर से उठी आवाज ने जांच को और जटिल बना दिया है।

## डॉ आदित्य प्रकाश जिलाधिकारी, सिवान यातायात नियम उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध कठोर कारवाई का दिया निर्देश

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**
**सिवान,27** अगस्त 2025 बुधवार। को जिलाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुव्यस्थित यातायात प्रबंधन,जाम एवं अतिक्रमण की समस्या निवारण के संबंध में गहन विचार विमर्श किया गया ।
जिलाधिकारी, सिवान डॉ आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सुव्यस्थित यातायात प्रबंधन/जाम एवं अतिक्रमण की समस्या एवं उसके निवारण के संबंध में किया गया विचार विमर्श।यातायात नियम उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध कठोर कारवाई करने का जिला पदाधिकारी ने दिया निर्देश
विचारोपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।नगर परिषद क्षेत्र में जाम की समस्या का निवारण एवं सुचारु यातायात प्रबंधन के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के सहित अन्य



चिन्हित स्थलों पर क्रमबद्ध रूप से अतिक्रमण मुक्ति हेतु आवश्यक कारवाई शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।
सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु हेलमेट चेकिंग नियमित रूप से कराने एवं सुव्यस्थित यातायात प्रबंधन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
उक्त वर्णित कमिटी को सुस्पष्ट कार्ययोजना के आधार पर अविलंब निर्धारित दायित्वों के सम्यक निर्वहन का निर्देश दिया गया है।
बैठक में सड़क दुर्घटना के कारणों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, विचारोपरांत जिलांतर्गत ब्लैक स्पॉट्स अर्थात ऐसे स्थलों को चिन्हित करते हुए जहां प्रायःदुर्घटना की संभावना बनी रहती है वहां यथोचित उपाय करने का निर्देश दिया गया।साथ ही संबंधित तकनीकी विभागों को अविलंब ऐसे चिन्हित स्थलों पर यथोचित कारवाई करने का निर्देश गया है। सुव्यस्थित यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हैमलेट चेकिंग अभियान एवं सड़क सुरक्षा नियम उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध आर्थिक दंड अध्यारोपण संबंधित कारवाई में और तेजी लाने का निर्णय लिया गया है। समीक्षा के क्रम में सड़कों पर परिलक्षित गड्ढों को अविलंब भरने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

## देवस्थान मंत्री ने किए विघ्नहर्ता भगवान गणेश के दर्शन

**जयपुर, 27 अगस्त**। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्री



जोराराम कुमावत ने सभी प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व सामाजिक एकता, सौहार्द्र और लोक संस्कृति के संवर्धन का विशेष अवसर है।

## पहले नौकरियों में होती थी बंदरबांट, योग्य युवा होते थे भेदभाव के शिकार : सीएम योगी

**लखनऊ 27 अगस्त (पीएमए) मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि बेईमान राजनीतिक दलों ने इसे बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, और योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। उन्होंने कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14 प्रतिशत से अधिक था। लेकिन, 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद यह और तेज हो गई। 2017 तक यूपी का योगदान 8 प्रतिशत से भी कम हो गया।
सीएम योगी बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई देते हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को इस निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हर युवा के मन में सपना होता है और सरकार का दायित्व है कि उसे मंच दे। युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जावान होता है, लेकिन जब वह भेदभाव और भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो यह राष्ट्रीय क्षति है। 2017 से पहले यूपी में नियुक्तियां नहीं होती थीं, होती भी तो बंदरबांट और भ्रष्टाचार के चलते योग्य युवा पीछे रह जाते थे। नतीजा, यूपी बीमारू राज्य बन गया। उत्तर प्रदेश में स्कूल मर्जर को लेकर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, सिर्फ नकारात्मकता है। जर्जर भवनों को शिफ्ट करने और छात्र-शिक्षक अनुपात सुधारने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा है। एक जर्जर भवन गिरने से बच्चे मरे, लेकिन विपक्ष भ्रम फैलाता है। हम खाली विद्यालयों में प्री-प्राइमरी और बाल वाटिका चलाएंगे, 5000 बाल वाटिकाएं सफलतापूर्वक संचालित भी हैं। इन विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण मिशन से 3-6 वर्ष के बच्चों का मानसिक विकास होगा, जो स्वस्थ समाज के लिए महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने 2047 के विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह रास्ता आंगनबाड़ी केंद्रों से शुरू होता है। उन्होंने नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों से ईमानदारी और भेदभाव मुक्त सेवा की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ बचपन से समृद्ध भविष्य बनेगा। आपकी जिम्मेदारी देश के बचपन को बचाने की है, जैसा मां यशोदा ने भगवान कृष्ण का पालन किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि यूपी पुलिस में 2 महीने पहले 60,244 भर्ती में 12,045 बेटियां चयनित हुईं। 1947-2017 में सिर्फ 10,000 महिला पुलिसकर्मी थीं, लेकिन 8 साल में 40,000 से अधिक बेटियों को भर्ती किया। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,56,000 शिक्षकों में ज्यादातर बेटियां हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख किया, जिसमें 26 लाख से अधिक बेटियों को 25,000 रुपये का पैकेज मिला। साथ ही, 4 लाख बेटियों की शादी सामूहिक विवाह योजना से हुई और मातृ वंदना योजना में 183 करोड़ रुपये वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस सर्वे (2015-16) के बाद 2017 से महिलाओं में एनीमिया 5.1 प्रतिशत, स्टंटिंग 6.6 प्रतिशत, अल्पवजन 7.4 प्रतिशत, और सूखापन 0.6 प्रतिशत कम हुआ। शिशु मृत्यु दर 38 और मातृ मृत्यु दर 197 हो गई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार और कुपोषण निवारण पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्टफोन और रियल-टाइम मॉनिटरिंग से आंकड़े बेहतर होंगे। हर आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर समय पर पोषाहार मिल जाए, कुपोषित मन हो या बच्चा हो उसके लिए उपलब्ध पोषाहार समय पर

## गोविंददेवजी मंदिर जनता बाजार सब्जी मंडी में नगर निगम हेरिटेज की सरकारी दुकानों पर नगर निगम हैरिटेज की मिली भगत से हो रहे अवैध कब्जे



**देश का दर्पण न्यूज**
**जयपुर,** नगरनिगम हैरिटेज के अधिकारियों की मिली भगत से गोविंददेवजी मंदिर के पास जनता बाजार में स्थित सरकारी दुकानों पर अवैध कब्जे करवाए जा रहे हैं। जनता बाजार में दुकान नंबर 169, दु. न.170,दु. नं.171 दु. नं 172 ये दुकानें जब से बनी है तब से किसी को भी आवंटन नहीं की गई सन 2023 में कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर नई शटर लगा दी गई थी इन दुकानों की नगर निगम हेरिटेज में शिकायत होने पर इन चारों दुकानों को सील कर दिया गया था। नगर निगम हेरिटेज अधिकारियों की मिलीभगत से 23/8/2023 को सीज खोलने के आदेश दे दिए गए। मजे की बात यह है कि इन दुकानों की
फ ळ क के तहत सूचना मांगने पर नगर निगम हैरिटेज से जरिए पत्र क्रमांक 1155 दिनांक 21/10/204 को सूचना दी गई कि ये दुकानें नगर निगम हैरिटेज के स्वामित्व में है दूसरी बात 23/8/2023 के सीज खोलने के आदेश में किसी भी व्यक्ति के नाम का उल्लेख नहीं किया गया। विचारणीय विषय है कि नगर निगम हैरिटेज द्वारा इन दुकानों की नीलामी की कोई भी विज्ञप्ति नहीं निकाली गई। तो फिर निगम द्वारा किन व्यक्ति विशेष को दुकानें दी गई ? इन दुकानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा बिना किसी डर के दुकानों की सील तोड़ दी जाती हैं और कब्जा कर लिया जाता है लेकिन पत्रकार द्वारा कवरेज करने के बाद सूचना मिलने पर उन असामाजिक तत्वों द्वारा दुकानों को बंद कर नए ताले लगा दिए जाते हैं तब इसकी सूचना नगर निगम हेरीटेज अधिकारियों को व जोन अधिकारियों को दी जाती है वो फोन नही उठा पाते है। अब क्या नगर निगम हेरीटेज ऐसे असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही कर पायेगा।

## आरटीओ में पहली बार जनता की शिकायतों के लिए जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**
**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा के सुशासन के निर्देश के बाद अब परिवहन विभाग से आम जनता के लिए अच्छी खबर आई है। प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर प्रथम से जुड़ी जयपुर की जनता की शिकायतें सुनने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। आरटीओ प्रथम राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि चाहे रोड पर कोई फ्लाइंग बेवजह पैसा माँगे या ऑफिस का कोई कर्मचारी पैसों की डिमांड करे तो तो आमजन तत्काल हेल्पलाइन नंबर 6367479823 पर शिकायत कर सकते हैं। यह शिकायत व्हाट्सएप के जरिए भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यदि सूचना सही पायी जाती है तो तत्काल ही सूचना पर कार्यवाही होगी। यदि किसी भी व्यक्ति का आरटीओ प्रथम कार्यालय से जुड़ा हुआ कोई भी काम बिना किसी कारण के तीन दिन तक नहीं होता है तो सीधे मोबाइल नंबर(6367479823) पर शिकायत करें। गौरतलब है कि आरटीओ प्रथम से शुरू हुआ यह नवाचार आमजन के लिए बेहद उपयोगी साबित होने वाला है, क्योंकि अब आरटीओ प्रथम से जुड़ी कोई भी समस्या पर यह हेल्पलाइन काम करेगी।

## मुख्यमंत्री ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में किए दर्शन, प्रदेश की खुशहाली के लिए की कामना

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**
**मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सपत्नीक दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश सुख और समृद्धि के दाता हैं। प्रदेश में इस बार अच्छी बारिश हो रही है तथा हमारा प्रदेश हरियालो राजस्थान की ओर आगे बढ़ रहा है। साथ ही, किसान, महिला, युवा और गरीब के विकास से विकसित राजस्थान के संकल्प को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास से गणेश चतुर्थी का उत्सव मनाया जाता है। श्री शर्मा ने कामना की है कि विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश जी की कृपा से सभी प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और सुख समृद्धि आए। इस दौरान जयपुर ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर सहित बड़ी **संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।**

## फर्जी आईपीएस को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना**
**धौलपुर (भरतपुर)** पुलिस ने बुधवार को एक फर्जी आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल निवासी सुप्रियो मुखर्जी खुद को आईपीएस बताकर एडीजी रैंक का हुलिया बनाकर घूम रहा था। आरोपी नीली बत्ती लगी गाड़ी में पुलिस वर्दी पहनकर धौलपुर समेत विभिन्न जगहों



पर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर धौंस जमाता था। धौलपुर पुलिस को मुखर्जी की गतिविधियों पर शक था। जांच में पता चला कि वह असली आईपीएस नहीं है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क की जांच की जा रही है। विस्तृत विवरण की प्रतिक्षा।

## महाराज सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सरदारनगर में सामुदायिक भवन माता जी का मंदिर में जाट द्वारा योग अभ्यास करवाया गया

**सुरज वर्मा**
**भीलवाडा** ज़िले के बनेड़ा तहसील के प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदारनगर डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास और उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सरदारनगर एवं सरपंच बालू राम जाट के सहयोग से सामुदायिक भवन माता जी का मंदिर में योग प्रशिक्षक कुलदीप सिंह ,ममता जाट द्वारा योग अभ्यास करवाया गया।मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए क्वाथ वितरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारनगर की प्रधानाध्यापिका अंशु खंडेलवाल के सहयोग से स्काउट विद्यार्थियों द्वारा किया



गया।चिकित्सा विभाग से एनम आशा सेन,आशा सहयोगिनी रक्त जांच ,यूरिन जांच ,आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से ग्रामीणों का उपचार किया गया।जिसमें आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा,चिकित्सा विभाग की एनम,आशा सहयोगिनी पुष्पा देवी,मनु जीनगर,सीता माली, रामप्यारी गाडरी द्वारा शुगर ,रक्त चाप, मलेरिया, टायफायड,हीमोग्लोबिन की जांच की गई।आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा ने शिविर में आए रोगियों को आयुर्वेदिक दवाई वितरण की।

## गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के कर कमल द्वारा रौनक फैशन का हुआ उद्घाटन



**देश का दर्पण न्यूज**
**जयपुर,** रौनक फैशन जो अपने आप में एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसके तीसरे शोरूम का उद्घाटन दिनांक 27 अगस्त को 12:00 बजे श्री गोविंद देव जी मंदिर के महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी जी के कर कमल द्वारा भव्य उद्घाटन हुआ रौनक फैशन के डायरेक्टर श्री कुंदन लाल पठानी जी ने बताया कि शोरूम दुकान नंबर 44 /45 जय अंबे नगर जयपुर हॉस्पिटल के सामने टोंक रोड गोपालपुरा पर खोला गया है कार्यक्रम में किशनपोल विधायक अमीन कागजी, जयपुर व्यापार संघ के संरक्षक सुरेंद्र कुमार बज ,अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, युवा जागृति संगठन अध्यक्ष समाजसेवी दौलत त्रिलोकानीआदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे


## गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के कर कमल द्वारा रौनक फैशन का हुआ उद्घाटन


**देश का दर्पण न्यूज**
**जयपुर,** रौनक फैशन जो अपने आप में एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसके तीसरे शोरूम का उद्घाटन दिनांक 27 अगस्त को 12:00 बजे श्री गोविंद देव जी मंदिर के महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी जी के कर कमल द्वारा भव्य उद्घाटन हुआ रौनक फैशन के डायरेक्टर श्री कुंदन लाल पठानी जी ने बताया कि शोरूम दुकान नंबर 44 /45 जय अंबे नगर जयपुर हॉस्पिटल के सामने टोंक रोड गोपालपुराफुलेरा ओवरब्रिज बना मौत का पुल

**सरिये बाहर, जिम्मेदारी अंदर, मरम्मत नहीं तो आंदोलन तय**
फुलेरा (राजकुमार देवाल)।
रेवाड़ी ट्रैक पर बना फुलेरा ओवरब्रिज अब पुल नहीं, खतरे का जाल बन चुका है। जगह-जगह निकले सरिये हर रोज राहगीरों को मौत की दावत दे रहे हैं। बुधवार को व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज



आहूजा की अगुवाई में व्यापारियों और आमजन ने प्रदर्शन किया। आहूजा ने प्रशासन को दो टूक कहा कि दो दिन में मरम्मत नहीं तो सड़क पर आंदोलन होगा। हादसा हुआ तो अफसर बयान नहीं, गुनाहगार कहलाएँगे। सूचना पर थाना अधिकारी चंद्र प्रकाश यादव मय जाप्ता मौके पर पहुँचे, लेकिन भीड़ ने साफ कहा समझाइश जनता को नहीं, उस पुल को दो जिस पर सरिये खड़े होकर मौत का तांडव कर रहे हैं। इस मौके पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, एडवोकेट तेजाराम, हरीश बडीवाल, अनिल नारनोलिया सहित कई आमजन मौजूद रहे। पर खोला गया है कार्यक्रम में किशनपोल विधायक अमीन कागजी, जयपुर व्यापार संघ के संरक्षक सुरेंद्र कुमार बज ,अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, युवा जागृति संगठन अध्यक्ष समाजसेवी दौलत त्रिलोकानीआदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## फुटबॉल महिला कैंप का आर एफ ए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**सुरज वर्मा**
**भीलवाड़ा** ज़िले में राजस्थान फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष निर्मल मातोड़िया ने विटी इंटरनेशनल स्कूल फुटबॉल मैदान पर 24 अगस्त से चल रहे राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रशिक्षण कैंप का निरीक्षण किया प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ि 8 सितम्बर से अयोजित राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता अमृतसर में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी उपाध्यक्ष निर्मल मातोडिया ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उनके आवास भोजन मैदान संबंधी सुविधाओं के लिए जानकारी ली खिलाड़ियों के पूर्ण संतुष्ट होने पर जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक को बधाई देते हुए बताया कि इस से अच्छी व्यवस्था पूरे राजस्थान में कही संभव नहीं हे इस अवसर पर दीपक खींची शंकर जीनगर जगदीश बुनकर अमन चंदेल अंकित खटीक चेतन शर्मा कुणाल कुमार सुजल जिनगर आदि मौजूद थे

## अंबेडकर विचार मंच की तरफ 6 सफाई कर्मचारियों को निलंबित को बहाल करने हेतु रवि जैन शासन सचिव डीएलबी जयपुर के नाम ज्ञापन द्वारा उपखंड अधिकारी शाहपुरा को सौपा ज्ञापन

**सुरज वर्मा**
**शाहपुरा** शहर में दिनांक 27 अगस्त 2025 को अंबेडकर विचार मंच की तरफ से रवि जैन शासन सचिव डीएलबी जयपुर के नाम ज्ञापन द्वारा उखंड अधिकारी महोदय शाहपुरा भीलवाड़ा को ज्ञापन सोपा गया दिनांक 22 अगस्त 2025 को सार्वजनिक हित के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा दिए गए आदेश की पालना सफाई कर्मचारियों को कुत्ता पकड़ने हेतु निर्देशन करते हुए कुत्ते पकड़े गए जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो आर्ध सत्य वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया जिस पर संज्ञा लेने हेतु डीएलबी के निदेशक शासन सचिव रवि जैन द्वारा अर्धसत्य वीडियो को देखते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता को दबाव में लेकर 6 सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया बहाल करने हेतु निवेदन किया गया है जिस पर अंबेडकर विचार मंच के जिलाअध्यक्ष ने विचार रखे हैं की पालिका द्वारा कोई संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं और स्पेशल सपोर्ट टीम के द्वारा भविष्य में जानवर कुत्ते इतिआदि को पकड़ा जावे यदि भविष्य में किसी भी प्रकार के जानवर पकड़े जाते हैं तो संसाधन उपलब्ध कराए जाएं और सफाई कर्मचारी नगर पालिका द्वारा तो परंपरागत रूप से इसी प्रकार पुरानी नीति से जुगाड़ का रास्ते से रसिया डंडे से फंदे बनाकर पकड़े जाते



हैं और उनको पिंजरे में डालकर ट्रैक्टर में डाला जाता है नगर पालिका सिर्फ सफाई कर्मचारी होते हैं इनको किसी प्रकार का दूसरा अनुभव नहीं होता है किए गए छ 6 सफाई कर्मचारियों को जल्दी बहाल करें अन्यथा जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी समझ जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

## धर्म ध्वजा अर्पण के साथ बंगाली बाबा मंदिर में दो दिवस मनाया गया गणपति महोत्सव



**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**
**दिल्ली** रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर में दो दिवसीय श्री महागणपति महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को ध्वजा अर्पण के साथ हुआ। इस दौरान मंदिर प्रांगण प्रथम पूज्य के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। दो दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में मंगलवार को सुबह 11 बजे सिंजारा पर्व मनाया गया। इस मौके पर गणेश जी को मेहंदी अर्पित की गई।
मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष व संयोजक संजय पतंगवाला व कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के तहत सोमवार की सुबह मंदिर की परिक्रमा लगाकर प्रथम पूज्य को ध्वजा अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रथम पूज्य के समक्ष पूजा-अर्चना के विशेष कार्यक्रम हुए। महोत्सव के तहत मंगलवार को सुबह 9 बजे प्रथम पूज्य का पंचामृत अभिषेक किया गया।
सुबह 10.30 बजे सिंदूर अर्पण करने के बाद सुबह 11 बजे सिंजारा पर्व मनाया गया। इस मौके पर सौभाग्य देवी पूजन,चन्द्रार्चन व मेहंदी,सौभाग्य सामग्री का अर्पण किया गया। इस मौके पर करीब 60 किलो के आसपास मेहंदी को दिन भर में करीब 900 के महिलाओं को मेहंदी लगाई। साथ ही भक्तों को मेहंदी वितरित की गई। कोषाध्यक्ष विष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई गई। इस मौके पर सुबह 5 बजे मोदक अर्पण के बाद दोपहर 1 बजे महाआरती व बैंड वादन के बाद शाम को 6 बजे भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर भक्तों के लिए प्रसादी तैयार की गई जिसमें 900 किलो चीनी, लगभग 300 किलो बेसन व 30 पीपे घी का उपयोग किया गया।

## बारिश के बाद फसलों में बढ़ा कीट व रोगों का प्रकोप

## रोकथाम के लिए कीटनाषी दवाईयों का 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करने का दिया सुझाव

**बारां, राजस्थान**
**जिला संवाददाता –सुमरन सिंह**
**बारां,** 27 अगस्त। जिले में गत दिनों हुई भारी बारिश के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। अब बारिश थमने के साथ ही तापमान में निरंतर वृद्धि होने तथा मौसम अनुकूल होने के कारण खरीफ फसलों में कीटों और रोगों का व्यापक प्रकोप देखने को मिल रहा है।
संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार धनराज मीणा ने बताया कि धान की फसल में तना छेदक इल्ली का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसकी पहचान शुरूआती अवस्था में भूरे रंग की लार्वा से की जा सकती है, जो बाद में काले-हरे रंग में बदल जाती है। इसके सिर पर उल्टे ह्लल्ह्व आकार के धब्बे पाए जाते हैं। यह इल्ली समूह में आक्रमण करती है और फसल को भारी नुकसान पहुंचाती है। नियंत्रण के लिए किसान भाई जैविक कीटनाशी ऐजाडीरेक्टीन ईसी (10000 पीपीएम) 1000 मि.ली. प्रति हैक्टर या फ्लूबैन्ठामाईट, ईमामेक्टिन बेन्जोएट अथवा फ्लोरेंट्रेनीलीमेल का छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोयाबीन की फसल में फली बनने की अवस्था प्रारंभ हो चुकी है। भारी बारिश व जलभराव के कारण इसमें राइजोक्टोनिया जड़ गलन रोग, फली झुलसा (पॉड ब्लाइट) एवं पत्ती धब्बा रोग का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इसकी रोकथाम के लिए पीकोक्सीस्त्रोबीन . प्रोपिकोनाजोल एससी का 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव लाभकारी है। वहीं, तम्बाकू इल्ली व सेमीलूपर के प्रकोप की स्थिति में अनुशंसित कीटनाशी दवाइयों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। मीणा ने बताया कि अधिक जलभराव के कारण खरीफ फसलों में पीलेपन की समस्या भी सामने आ रही है। इसके निवारण के लिए खड़ी फसल में फेरस सल्फेट (हरा कसीस) का 0.5 प्रतिशत घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर 25 किलो की दर से छिड़काव करना चाहिए।

# क्रशर कर्मचारियों ने फर्जी रॉयल्टी बना ले लिया लाखों का भुगतान, केस दर्ज

**महोबा।** पत्थर मंडी में धोखाधड़ी कर फजीर्वाड़ा का मामला सामने आया है जहां क्रशर कर्मी ने ही रुपये लेकर दूसरों को पट्टा संबंधी प्रपत्र बेच दिए, इसके बाद इनका गलत उपयोग कर फर्जी रॉयल्टी बनाकर कार्यदायी संस्थाओं से लाखों का भुगतान करा लिया। जिससे शासन को भी राजस्व की हानि हुई। क्रेशर स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित कर्मी सहित दो नामजद व तीन से चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जनपद मुख्यालय के मुहाल गाँधीनगर के बजरंग चौक वार्ड निवासी रामकिशोर सिंह ने बताया कि वह लगभग 40 वर्षों से खनन कार्य करा रहे हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी सुकीर्ति सिंह के नाम ग्राम बरी में तीन पट्टे हैं जबकि ग्राम डहर्रा में उनके दो व पुत्र शिवम के नाम तीन खनन पट्टे हैं। सभी खनन पट्टों के सिक्योरिटी पेपर प्रपत्र जैसे कागजात शिवम ग्रेनाइट अलीपुरा कबरई से संचालित होते हैं जिनका पूरा लेखा जोखा कर्मचारी बिंदादीन उर्फ बिंदा कुशवाहा करता रहा है और सभी प्रपत्र भी उसी के पास है। क्रेशर स्वामी ने बताया कि बिंदादीन कुशवाहा पिछले 4 वर्षों से उनके यहां पट्टा एवं क्रेशर संबंधी प्रपत्र जैसे एमएम 11 व प्रपत्र -सी के लिए सिक्योरिटी पेपर मंगाना और रॉयल्टी जनरेट करने का आदि का कार्य करता रहा है और इसके साथ ही पट्टों का हिसाब रखता है। बताया कि क्रेशर कर्मचारी को जब कुछ संदिग्ध लोगों के साथ उठते बैठते बातचीत करते देखा और जानकारी की तो पता चला कि बिंदादीन ने हमारे पट्टों के कुछ सिक्योरिटी पेपर के कुछ बंडल संदिग्धों को दे दिए हैं पूछने पर बताया कि एक या दो बंडल सिक्योरिटी पेपर कबरई कस्बा के विशाल नगर निवासी विजय सैनी को 10 हजार रुपये में चोरी से दिए हैं।

**मामले को कर लीजिये रफा दफा**

क्रेशर व्यवसायी ने बताया कि जानकारी हुई है कि आरोपित विजय सैनी का एक गिरोह सक्रिय है जोकि पट्टा धारकों के पेपर उनके स्टाफ को पैसे देकर प्राप्त करता है और फिर उनसे फजीर्वाड़ा कर करता है जिससे पट्टा स्वामी और सरकार को राजस्व की हानि होती है। 11 अगस्त को आरोपित विजय सैनी ने पेट्रोल पंप पर आकर कहा कि गलती हुई है मामले को रफा दफा कर लीजिये।

**पुलिस कर रही जांच**

बुधवार को कबरई थानाध्यक्ष सतवेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक पत्थर व्यवसायी के साथ धोखाधड़ी का मामला आया है। तहरीर के आधार पर आरोपित बिंदादीन कुशवाहा , विजय सैनी व तीन से चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## हत्या की कोशिश में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** नैनी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग के दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक रायफल बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में सूर्यकान्त मिश्रा निवासी कमला नगर धनुआ थाना नैनी प्रयागराज, अजीत मिश्रा निवासी कमला नगर धनुआ थाना नैनी प्रयागराज उसके घर से पकड़ा है। घर की तलाशी में लाइसेंसी रायफल बरामद किया है। 25 अगस्त को सरोज तिवारी पत्नी दिलीप तिवारी निवासी धनुआ डांडी जनपद प्रयागराज की तहरीर पर उसकी जमीन पर कब्जा को लेकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के अलावा लाइसेंसी राइफल से फायरिंग की गई थी। नैनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। नैनी पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले नामजद अभियुक्त सूर्यकान्त मिश्रा व अजीत मिश्रा को घर से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## आज पंडालों में विराजेंगे गणपति बप्पा, भक्तों में उत्साह



**महोबा ।** गणेश उत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है, बुधवार से गणेश चतुर्थी का आरंभ हो रहा है। जनपद मुख्यालय के सरार्फा बाजार, तमराई बाजार, पस्तोर गली, सुभाष चौक समेत विभिन्न स्थान पर सार्वजनिक अस्थाई पंडाल बनाकर गणपति की मूर्तियां स्थापित की जाएगी।

समूचे जनपद में इस समय गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। भक्त श्रद्धा भाव से गणपति की आराधना की तैयारी कर रहे हैं। तो वहीं बाजार में भगवान गणपति की मूर्तियां 100 रुपए से लेकर पांच हजार तक उपलब्ध हैं। शहर के मुहाल आलमपुरा निवासी पंडित सत्यव्रत चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान की आराधना करने से जातक की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। पंडालों में मूर्ति स्थापित करने के लिए समितियां ने अपनी प्रतिमाएं बुक कर दी हैं, जहां आज मूर्ति स्थापित करेंगे। पंडाल और घरों में सुबह शाम पूजा अर्चना की जाएगी इसे लेकर लोगों में उत्साह देखते बन रहा है।

# भगवान गणेश का आशीर्वाद आत्मबल देता है, उसी से सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है - मदन राठौड़



**जयपुर**

**भाजपा राजस्थान** प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ जी ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर राजधानी जयपुर स्थित विश्वविख्यात मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणपति बाप्पा के दर्शन कर प्रदेशवासियों और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने भगवान गणेश जी की आराधना करते हुए कहा कि आज का यह पावन क्षण जीवन का अमूल्य सौभाग्य है। यहाँ अपार श्रद्धा के साथ हजारों भक्तजन उपस्थित रहे और सभी ने भक्ति भाव से दर्शन कर पुण्य लाभ पाया। दर्शन के उपरांत मीडिया से बातचीत में श्री राठौड़ ने कहा हजब भी हम किसी मंदिर में जाते हैं और भगवान के दर्शन करते हैं, तो मन में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होता है। ईश्वर का आशीर्वाद हमारे आत्मबल को कई गुना बढ़ा देता है। वही आत्मबल हमें हर कठिनाई को पार करने की शक्ति देता है। आज मैंने भगवान गणेश जी से प्रार्थना की है कि राजस्थान समृद्ध हो, हर नागरिक का जीवन स्तर ऊँचा और सुदृढ़ बने, हर परिवार सुखी रहे और भारत का गौरव विश्वभर में बढ़े। प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर जयपुर की परंपरा और आस्था का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि जयपुर की सबसे भव्य और विशाल गणेश शोभायात्रा यहीं से प्रारंभ होती है। इस शोभायात्रा में न केवल जयपुरवासी बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों से आए भक्तजन भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

उन्होंने मीडिया और समाज को संदेश देते हुए कहा नई पीढ़ी को संस्कारवान और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना बेहद आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने दी प्रस्ताव को स्वीकृति

## राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति- 2019 के अन्तर्गत 855 प्रकरणों का किया निस्तारण

**जयपुर, 27 अगस्त। कि**सानों को आर्थिक संबल देने के साथ ही कृषि गतिविधियों का प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार कृत-संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति - 2019 के तहत लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करते हुए 298 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश की लगभग 855 कृषि प्रसंस्करण ईकाइयों को पूंजी निवेश, ब्याज, सौर ऊर्जा संयंत्र और विद्युत प्रभार अनुदान के साथ ही भाड़ा अनुदान दिया जाएगा। इस राशि का सम्पूर्ण भुगतान कृषक कल्याण कोष से राज किसान पोर्टल और आरपीपी के माध्यम से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह आवेदन 19 दिसम्बर 2020 से 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रही राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति - 2019 के अन्तर्गत प्राप्त हुए है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के अनुसार दिनांक 31 मार्च 2024 तक प्राप्त इन सभी लम्बित अनुदान आवेदनों के निस्तारण की स्वीकृति प्रदान की गई है।



**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विधायक श्री फूलसिंह मीणा के साथ उदयपुर की प्रतिभाशाली छात्राओं ने मुलाकात की । मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी मेधावी बेटियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।**

**उल्लेखनीय है कि विधायक फूल सिंह मीणा की अनूठी पहल पर उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड से कक्षा 10 एवं कक्षा 12 में टॉपर रही ये छात्राएं हवाई यात्रा से जयपुर पहुँची थी ॥**

# हमीरपुर में बाढ़ की जद में फिर आए दर्जनों गांव



**हमीरपुर।** बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी से उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक बार फिर से यमुना और बेतवा दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सतर्क किया जा रहा है। मंगलवार को मौजूदा समय में यमुना जहां खतरे के निशान के पास पहुंच गई। वहीं बेतवा नदी करीब दो मीटर नीचे बह रही है।

मौदहा बांध के सहायक अभियंता सर्वजीत वर्मा ने मंगलवार को शाम बताया कि मंगलवार की सुबह कोटा बैराज से 4971 क्यूसेक, माताटीला बांध से 21072 क्यूसेक व लहचूरा बांध से 13100 क्यूसेक पानी पास किया गया है। जिससे जिले की नदियों का लगातार जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। वर्तमान में यमुना नदी के जल स्तर में औसतन दो सेमी प्रति घंटे की वृद्धि हो रही है। आगामी 24 से 36 घंटे में यमुना व बेतवा नदियों का जल स्तर बढ़कर चेतावनी बिंदु के पार पहुंचने की संभावना है। मंगलवार को देर शाम 7 बजे यमुना नदी का जलस्तर 103.220 मीटर पर है। जबकि बेतवा का जलस्तर 102.520 मीटर रिकार्ड किया गया है। यमुना अभी खतरे के निशान से 0.330 मीटर और बेतवा खतरे के निशान से 2.060 मीटर नीचे बह रही है। यमुना का खतरे का निशान 103.630 मीटर व बेतवा का 10.540 मीटर है। उन्होंने लोगों से दोनों नदियों के तटीय इलाकों से दूर रहने की अपील की है। वहीं यमुना नदी का पानी निचले इलाकों में भरने लगा है। शहर के पुराना यमुना घाट मोहल्ला, गौरादेवी नई बस्ती, बेतवा घाट, केसरिया का डेरा, मेरापुर आदि स्थानों में पानी पहुंचने लगा है।

गांव के निचले हिस्सों में भरा बाढ़ का पानीकुरारा विकासखंड क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव के बस्ती के बाहरतक पानी आने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से यमुना नदी का पानी बस्ती की तरफ आने लगा है। ग्रामीणों को फिर बाढ़ का खतरा का आभास होने लगा है।

## एसजेपी इंफ्राकांन बिल्डर का कार्यालय सील



**नोएडा।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को खरीदारों का पैसा नहीं देने वाले ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया है। बिल्डर पर करीब 4.84 करोड रुपए का रेरा का बकाया है। बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी वह पैसा जमा नहीं करवा रहा था।

दादरी के उप जिलाधिकारी श्रीमती अनुज नेहरा ने बताया कि यूपी रेरा ने एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर के खिलाफ 4.84 करोड रुपए की आरसी जारी की थी। रिकवरी सर्टिफिकेट जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने कई बार बिल्डर को नोटिस दिया तथा पैसा जमा करने के लिए कहा। जब बिल्डर ने पैसा नहीं जमा कराया तो मंगलवार शाम को जिला प्रशासन की टीम उसके ऑफिस पर पहुंची तथा उसके ऑफिस को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि अगर बिल्डर ने पैसे जमा नहीं की तो उसकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरसी का पैसा जमा नहीं करने वाले बिल्डरों के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है।

## अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य व्यापक स्तर पर जारी

**जयपुर, 27** अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निदेर्शानुसार प्रदेश में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य व्यापक स्तर पर जारी हैं। विभिन्न क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीमों द्वारा भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों से 792 व्यक्तियों का सकुशल रेस्क्यू किया गया है। एसडीआरफ नियमों के अनुसार अतिवृष्टि के दौरान डूबने, बहने तथा आकाशीय बिजली के गिरने से मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपए की राशि दी जा रही है। प्रदेशभर में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरफ की 57 और एनडीआरएफ की 7 टीमें 24ग7 बचाव एवं राहत कार्यों में लगी हुई हैं। वहीं, सिविल डिफेंस की टीमें भी निरन्तर रूप से कार्य कर रही है। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए भारतीय वायु सेना का हेलिकॉप्टर भी नियोजित किया गया है। इसी तरह, प्रभावित लोगों को राहत शिविरों के माध्यम से आश्रय प्रदान किया जा रहा है तथा प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त मकानों एवं सार्वजनिक भवनों का सर्वे भी करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस मानसून के दौरान अब तक (26 अगस्त) कुल 528.60 एमएम वर्षा दर्ज हुई है जो कि सामान्य वर्षा 344.74 एमएम से 53.33 प्रतिशत अधिक है।

## 2026 गंगासागर मेले की तैयारियाँ शुरू, मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रमेश राय**

दक्षिण 24 परगना, संवाददाता–पुजो से पहले ही 2026 गंगासागर मेले की तैयारियाँ जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। बुधवार सुबह सुंदरबन विकास मंत्री बंकिम हाजरा ने गंगासागर समुद्र तट पर जाकर तटवर्ती इलाकों में हो रहे कटाव की स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ जिला प्रशासन के कई अधिकारी भी मौजूद थे।



समुद्रतट का निरीक्षण करने के बाद मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने काकद्वीप महकमा शासक कार्यालय में जिलाशासक सुमित गुप्ता की उपस्थिति में बैठक की। इस बैठक में मेले की तैयारियों से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बापी हालदार, सुंदरबन पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक कटेश्वर राव, जिला परिषद सभाधिपति नीलिमा मिस्त्री, नामखाना, सागर और काकद्वीप ब्लॉकों के बीडीओ, पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा अग्निशमन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाशासक सुमित गुप्ता ने कहा कि 2025 में जिस तरह गंगासागर मेले का आयोजन किया गया था, 2026 का मेला भी उसी तर्ज. पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कपिलमुनि मंदिर के सामने समुद्र तट और मैदान का धीरे-धीरे कटाव हो रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और सिंचाई विभाग निरीक्षण कर रहे हैं और तट संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में पहल की जा रही है।

## हरियालो राजस्थान के तहत प्रदेश में वृहद स्तर पर हो रहा पौधारोपण

**जयपुर, 27 अगस्त। मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पेड़ों की रक्षा के लिए मां अमृता देवी सहित 363 लोगों ने बलिदान दिया। विश्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसा त्याग कहीं और देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि खेजड़ी सिर्फ वृक्ष नहीं बल्कि औषधि भी है। कैर, सांगरी राजस्थान की पहचान है। श्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विश्नोई समाज के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हरियालो राजस्थान के तहत 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य तय किया है। इसी क्रम में पिछले वर्ष 7.5 करोड़ एवं इस वर्ष लगभग 11 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। साथ ही, वन मित्र भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी सरकार ने नीतिगत निर्णय लिए हैं तथा आवश्यकता होने पर नियमों में उचित प्रावधान भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्नोई समाज ने पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण में सदैव आगे रहते हुए अनूठे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। हर समाज, हर वर्ग विश्नोई समाज से पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा लेता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी विकास के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण में विभिन्न अभियानों के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति में वृक्ष, पहाड़ और नदियों की पूजा की जाती है।

## हत्या की कोशिश में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** नैनी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग के दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक रायफल बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में सूर्यकान्त मिश्रा निवासी कमला नगर धनुआ थाना नैनी प्रयागराज, अजीत मिश्रा निवासी कमला नगर धनुआ थाना नैनी प्रयागराज उसके घर से पकड़ा है। घर की तलाशी में लाइसेंसी रायफल बरामद किया है।

25 अगस्त को सरोज तिवारी पत्नी दिलीप तिवारी निवासी धनुआ डांडी जनपद प्रयागराज की तहरीर पर उसकी जमीन पर कब्जा को लेकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के अलावा लाइसेंसी राइफल से फायरिंग की गई थी। नैनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# प्राथमिक विद्यालय में छात्रा का सहपाठी ने गला दबाया, मौत होने पर छात्र हिरासत में



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा के कमासिन थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनेश का पुरवा प्राथमिक विद्यालय, कुमेंढ़ा सानी में उस समय हड़कंप मच गया जब परीक्षा के दौरान कक्षा पांच की छात्रा की मौत हो गई। आरोप है कि सहपाठी छात्र से हुए झगड़े में उसने छात्रा का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है।

घटना मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे की है। कक्षा पाँच की छात्रा गोमती (11 वर्ष), पुत्री देवी चरण वर्मा परीक्षा देने के लिए विद्यालय पहुँची थी। इस दौरान सहपाठी छात्र आशीष पुत्र शिव प्रसाद उर्फ.कल्लू कोटार्य के साथ बैठने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आशीष ने गोमती से मारपीट कर उसका गला दबा दिया। गोमती बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।

शिक्षकों व परिजनों की मदद से छात्रा को तत्काल सीएचसी कमासिन ले जाया गया, जहाँ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही विद्यालय और घर दोनों जगह मातम छा गया। मृतका के माता-पिता व भाई दुर्गेश का रो-रोकर बुरा हाल है।

छात्रा के भाई दुर्गेश ने आरोप लगाया कि हमेरी बहन कक्षा में बैठी थी तभी आशीष आया और उसके ऊपर पैर रख दिया। बहन ने विरोध में उसे धक्का दिया तो उसने गला दबाकर मार डाला।ह

विद्यालय के शिक्षक महेश पाल ने बताया कि उस समय परीक्षा की तैयारियाँ चल रही थीं और शिक्षक पर्चियों के वितरण में व्यस्त थे। बच्चों के मुताबिक झगड़े के दौरान कक्षा में कोई शिक्षक मौजूद नहीं था।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर महिला पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। शव का डॉक्टरों के पैनल द्वारा वीडियो ग्राफी के दौरान पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

## छिनैती का आरोपी 25 हजार का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज** । थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा छिनैती से सम्बन्धित प्रकाश मे आये अभियुक्त रिशु भारतीया पुत्र उमेश भारतीया निवासी 4/7 बी सदियापुर थाना करैली जनपद प्रयागराज को मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आर्मी कालोनी के सामने वाली रोड कालिन्दीपुरम थाना क्षेत्र धूमनगंज से गिरफ्तार किया गया व उसके कब्जे से छीनी गयी चेन (पीली धातु) को बेचने से प्राप्त रुपयों में से 820 रुपये नकद बरामद किये गये । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

घटना का संक्षिप्त विवरण

वादिनी मुकदमा श्रीमती पुष्पा मिश्रा पत्नी अरुण मिश्रा निवासी ब्रम्हराज एनेक्स प्लाट नं0-101 सेक्टर 9 ऐरोली नवी मुम्बई द्वारा थाना धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गयी कि मोटर साइकिल सवार 02 अज्ञात अभियुक्त वादिनी के गले से चेन छीन कर भाग गये ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भूमि आवंटन को दी स्वीकृति

**जयपुर, 27 अगस्त।** राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को गति देने के लिए निरन्तर कदम उठा रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भूमि आवंटन के दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कोटा जिले में गैर प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए कनवास तहसील के ग्राम ढोटी में कुल 22.78 हैक्टेयर भूमि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह भूमि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड (रीको) को आवंटित की गई है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश में औद्योगिक और आधारभूत संरचना का विकास होगा एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि भी होगी। श्री शर्मा ने जैसलमेर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क के निर्माण के लिए कुल 101.97 हैक्टयर राजकीय भूमि के आवंटन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। यह भूमि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की मांग के आधार पर संबंधित जिला कलक्टर के प्रस्ताव पर भारत-पाक सीमा के समानान्तर सड़क निर्माण के संरेखण से संबंधित हैं।

# नोएडा के सेक्टर 31 स्थित जर्जर फ्लैटों को तोड़कर नोएडा प्राधिकरण करेगा नवनिर्माण




**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण सेक्टर 31 के सी -ब्लॉक स्थित करीब 40 साल पुराने बने जनता फ्लैट को तोड़कर दोबारा से यहां पर नए फ्लैट बनाएंगा। यहां स्थित 128 फ्लैटो को प्राधिकरण ने जर्जर घोषित कर दिया है। फ्लैटो को खाली करने के लिए प्राधिकरण वहां रहने वाले लोगों को नोटिस जारी कर रहा है। प्राधिकरण ने इन्हे तोड़कर री- डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत फिर से बनवाने का निर्णय लिया है। अगली बोर्ड बैठक में पॉलिसी को विस्तार देने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके बाद फ्लैट बनाने के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करेगा। नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर लोकेश एम ने बताया कि सेक्टर 31 के सी- ब्लॉक स्थित जनता फ्लैटो को प्राधिकरण ने जर्जर घोषित कर दिया है। निवासियों को फ्लैट को खाली करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि ये फ्लैट प्राधिकरण री- डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत तुड़वाकर नए तरीके से बनवाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आवंटित की गई अन्य दूसरी पुरानी सोसाइटियों का भी निरीक्षण करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जो सोसाइटी 30 साल पहले प्राधिकरण द्वारा बनाकर आवंटित की गई थी और जर्जर है उनका वर्क सर्किल वं नियोजन विभाग द्वारा निरीक्षण करवा कर उनकी रिपोर्ट मंगवाई जा रही है

न्होंने बताया कि मुख्य रूप से सेक्टर 71,73, सेक्टर 66, सेक्टर 93, सेक्टर 122, सेक्टर 40 सहित विभिन्न सेक्टर में प्राधिकरण द्वारा बनाई गई सोसाइटी हैं जो 80 और 90 की दशक में बनाई गई थी।

# आप नेता की मौत के बाद बवाल, पुलिस-पब्लिक में झड़प व इंस्पेक्टर का सिर फटा

**गोरखपुर/ब्यूरो।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामपुर नयागांव निवासी कुंजबिहारी निषाद की मौत के बाद मंगलवार को गोरखनाथ स्थित मैरीगोल्ड हॉस्पिटल में भारी बवाल हो गया। मृतक को आम आदमी पार्टी का स्थानीय नेता बताया जा रहा है। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजन और मोहल्ले के लोग दोपहर करीब एक बजे हंगामा करने लगे।

स्थिति बिगड़ने पर मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात करनी पड़ी। भीड़ और पुलिस के बीच धक्का मुक्की हो गई, इसी दौरान गोरखनाथ इंस्पेक्टर शशिभूषण राय का सिर फट गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर शव को कब्जे में लिया और एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कुंजबिहारी निषाद बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करते थे। 23 अगस्त की शाम वे अपने साले के साथ मोहल्ले के ही अभिषेक पांडेय के घर 50 हजार रुपये बकाया मांगने गए थे। आरोप है कि इस दौरान अभिषेक अपने 10-12 साथियों के साथ मिलकर रॉड, पटरे और हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में कुंजबिहारी और उनके साले गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसी समय घायल कुंजबिहारी की तहरीर पर पुलिस ने अभिषेक पांडेय, हिमाचल पांडेय समेत 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था।

बताया जा रहा है कि कुंजबिहारी निषाद ने वार्ड नंबर 14, राजेंद्र प्रसाद नगर से आम आदमी पार्टी के टिकट पर पार्षद का चुनाव भी लड़ा था। मौत की सूचना मिलते ही इलाके में तनाव का माहौल है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# बदमाशों ने ज्वेलर को गोली मार कर 80 हजार नकदी लेकर फरार

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार**
**न्यूज रिपोर्टर. राकेश कोठेनिया हलेना**



बयाना ( भरतपुर ) कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हाईवे पर सनसनीखेज वारदात हुई। सालाबाद रेलवे फाटक के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने ज्वेलर को गोली मार दी और 80 हजार रुपए नकदी व ज्वेलरी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, गांधी चौक बयाना निवासी ज्वेलर पिंटू सोनी (40) रोजाना की तरह अपनी दुकान बंद कर गांव बीरमपुरा से लौट रहे थे। तभी बदमाशों ने उन्हें रोककर पिस्टल तान दी। विरोध करने पर गोली चला दी, जो उनकी जांघ में लग गई। इसके बाद आरोपी बैग लेकर भरतपुर की ओर भाग निकले। घटना की सूचना पर एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत, सीओ कृष्णराज जांगिड और थाना प्रभारी बाबूलाल गुर्जर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल ज्वेलर को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश तेज कर दी है। सीओ कृष्णराज जांगिड ने बताया कि लुटेरों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस थाना कालाडेरा की कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान द्वारा दिनांक 25.08.2025 से 31.08.2025 तक एक विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाकर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या/हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने व संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री




रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ़ श्री राजेश जांगिड़ के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी कालाडेरा श्री बाबूलाल उप निरीक्षक मय जाप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.08.2025 को आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत से कार्यवाही करते हुए संभावित स्थानों पर दबिश देकर 05 गिरफ्तारी वारण्टीयों बनवारी लाल, सुरेश, मुकेश, नाथूराम व कमल उर्फ कमलेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है तथा एक स्थायी वारण्टी पवन कुमार पुत्र गिरधारी लाल जाति योगी निवासी मण्डा भिण्डा पुलिस थाना गोविन्दगढ जिला जयपुर द्वारा पुलिस कार्यवाही को देखते हुए कोर्ट में सरेण्डर कर दिया जिसका अन्य तरीके से निस्तारण करवाया गया है। कार्यवाही के दौरान 6 एचएस के घर पर दबिश देकर चैक कर पूछताछ कर पूछताछ नोट मुर्तिब किया गया है।

# लूट के मामले में 07 साल से फरार 10000 रुपये के ईनामी अभियुक्त सोनू को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान द्वारा दिनांक 25 .08 .2025 से 31 .08 .2025 तक एक विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाकर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या/हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने व संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जमवारामगढ श्री रामपाल शर्मा उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना जमवारामगढ के दर्ज लूट के प्रकरण संख्या 327/2018 में वांछित फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा लूट के मामले में 07 साल से फरार चल रहे आरोपी के संबंध में पता लगाकर कड़ी मेहनत करते हुए आज दिनांक 27 .08 .2025 को दबिश देकर आरोपी सोनू पुत्र श्रवण उर्फ घमण्डीलाल जाति बावरिया निवासी निम्बी थाना जमवारामगढ जिला जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से प्रकरण में माल बरामदगी के प्रयास जारी हैं। प्रकरण में पुर्व में आरोपी सोनू के भाई किशोर बावरिया को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपिगणों ने नांगल तुलसीदास रोड़ गांव भानपुर से महिला से जोल्या की लूट करी थी।

# परिवार की खुन्नस ने ले ली मासूम की जान

**प्रयागराज/ब्यूरो।** नैनी थाना की पुलिस ने 48 घंटे नैनी क्षेत्र की महेवा नई बस्ती में हुई हत्या का खुलासा किया है।इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कपड़ा तथा एक साइकिल बरामद किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य भारतीया निवासी महेवा नई बस्ती (पूरब पट्टी) थाना नैनी, प्रयागराज है। पुलिस ने बताया कि 23 अगस्त को एक बच्चे का शव नैनी के पारस कुंज अपार्टमेंट के सामने स्थित विद्यापीठ स्कूल के गेट के सामने गुलाब के खेत में मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया। जांच से ज्ञात हुआ कि 22 अगस्त को शाम करीब ग्यारह साल का एक बच्चा शरद पुत्र मोहनलाल भारतीया निवासी महेवा नई बस्ती थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज, सामान लेने के लिए दुकान पर गया था, उसके बाद से घर वापस नहीं आया। बाद में पता चला कि शव उसी बच्चे का है। मृतक के पिता मोहनल निवासी महेवा नई बस्ती पूरब पट्टी थाना नैनी प्रयागराज की तहरीरी सूचना पर मुकदमा दर्ज किया गया। थाना नैनी से पांच टीमों का गठन किया गया। वादी मुकदमा के घर से लेकर घटनास्थल तक आने-जाने वाले सभी रास्तों को चिन्हित करते हुये रास्ते व घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों की गहनता से पड़ताल की गई। इसमें आदित्य भारतीया का नाम प्रकाश में आया।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने वालो के खिलाफ थाना गलतागेट की प्रभावी कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा (आई.पी.एस.) ने बताया कि श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय जयपुर आयुक्तालय श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ के द्वारा जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत नशा करने व बेचने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही एवं धरपकड करने हेतु समस्त जिला जयपुर उत्तर के थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिस संबंध में अभियान के दौरान डॉ. श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन, श्री हरि शंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन एवं श्री उदय सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में थाना गलतागेट जयपुर उत्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा इलाका थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत निगरानी एवं आसूचना संकलन के दौरान श्री प्रदीप सिंह हैड कानि 1229 को मादक पदार्थ तस्करी संबंधित विश्वसनीय आसूचना प्राप्त हुई। जिस पर नागतलाई दिल्ली बाईपास रोड गलतागेट जयपुर में गठित टीम द्वारा मौके पर जाकर दिनांक 27-08-2025 को मुल्जिमा श्रीमती माया पत्नी श्री नंदकिशोर उर्फ बुल्या जाति- सांसी उम्र 21 साल निवासी साँसी बस्ती जोबनेर रोड़ फुलेरा जयपुर ग्रामीण हाल मकान नं, ई-16 नागतलाई कल्ली का भट्टा दिल्ली बाईपास रोड़ पुलिस थाना गलतागेट जयपुर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल 05 .49 ग्राम व स्मैक बिक्री राशि 65000/- रुपए जप्त किये जाकर मुल्जिमा को गिरफ्तार किया गया एवं मुल्जिमा के खिलाफ प्रकरण सख्या 277/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया है। मुल्जिमा से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के प्राप्ति स्रोत से संबंधित अग्रिम अनुसंधान गहनतापूर्वक किया जा रहा है।

# लूट के मामले में 07 साल से फरार 10000 रुपये के ईनामी अभियुक्त सोनू को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान द्वारा दिनांक 25 .08 .2025 से 31 .08 .2025 तक एक विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाकर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या / हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने व संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जमवारामगढ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जमवारामगढ श्री रामपाल शर्मा उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना जमवारामगढ के दर्ज लूट के प्रकरण संख्या 327/2018 में वांछित फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा लूट के मामले में 07 साल से फरार चल रहे आरोपी के संबंध में पता लगाकर कड़ी मेहनत करते हुए आज दिनांक 27.08.2025 को दबिश देकर आरोपी सोनू पुत्र श्रवण उर्फ घमण्डीलाल जाति बावरिया निवासी निम्बी थाना जमवारामगढ जिला जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से प्रकरण में माल बरामदगी के प्रयास जारी हैं। प्रकरण में पूर्व में आरोपी सोनू के भाई किशोर बावरिया को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपिगणों ने नांगल तुलसीदास रोड़ गांव भानपुर से महिला से जोल्या की करी लूट थी।

# नाबालिग बालिका से छेडछाड़ कर बलात्कार करने की कोशिश करने के मामले में वांछित आरोपी शुभम सिंह को मात्र 24 घण्टे में किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशी डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 25 .08 .2025 को पिडिता के पिता ने पुलिस थाना मौखमपुरा पर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दिनांक 25 .08 .2025 को मेरी नाबालिग पुत्री हमारे गाय भैंस चराने माली भट्टा व मजदूर कॉलोनी / क्वार्टर के पास में गई थी, उसी दरमियान इन्फीनिटी फियोजन कम्पनी मौखमपुरा के लेबर




शुभम सिंह द्वारा खेत में ले जाकर मेरी पुत्री को जबरदस्ती नीचे गिरा दिया व मेरी नाबालिक पुत्री के साथ छेडछाड कर बलात्कार करने की कोशिश की। आदि रिपोर्ट पर अभियोग पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण महिला अपराध व नाबालिग से संबंधित होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में वांछित आरोपी को शिघ्र गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी मौखमपुरा श्री संजय प्रसाद उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा नाबालिक बालिका के साथ छेडछाड कर बलात्कार करने की कोशिश करने के मामले में वांछित आरोपी शुभम सिंह को आज दिनांक 26 .08 .2025 को डिटेन कर बाद पूछताछ व अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया है।

# कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम हत्याकांड : मुख्य असलहा सप्लायर मुकीम मुठभेड़ में गिरफ्तार



**वाराणसी/ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सारनाथ थाना क्षेत्र के फरीदपुर इलाके में बुधवार तड़के पुलिस ने कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम हत्याकांड में शामिल असलहा सप्लायर मुकीम को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हुए मुकीम को पुलिस ने उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भिजवाया। आरोपित चौबेपुर का रहने वाला है।

**वारदात का साजिशकर्ता निकला मुकीम**

डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने जानकारी दी कि महेंद्र गौतम की हत्या की साजिश मुकीम ने ही रची थी। उसने ही शूटरों को असलहे मुहैया कराए और हमले की योजना को अंजाम तक पहुंचाया। पुलिस टीम को इनपुट मिला था कि फरीदपुर में मुकीम शूटरों के साथ बैठक कर रहा है। इस पर एसओजी टीम और सारनाथ पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देख मुकीम ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की और मुठभेड़ में वह घायल हो गया।

**अन्य आरोपित भी दबोचे गए**

घटनास्थल से गाजीपुर जिले के खानपुर निवासी योगेंद्र यादव और एक अन्य रेकी करने वाले को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त एक संदिग्ध को मुंबई से हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई से महेंद्र गौतम हत्याकांड

# कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी भानु सैनी के प्रधान कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज वार्ड नंबर 63 में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी भानु सैनी ने रविवार को अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक अमीन कागजी और कांग्रेस जयपुर शहर अध्यक्ष आर.आर. तिवारी ने किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में विधायक अमीन कागजी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आमजन के विकास और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया।



शहर अध्यक्ष आर.आर. तिवारी ने कहा कि वार्ड 63 में कांग्रेस को जनता का पूर्ण समर्थन मिल रहा है और भानु सैनी की जीत निश्चित है। वहीं, भानु सैनी ने कहा कि यदि जनता ने अवसर दिया तो क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और वार्ड को एक आदर्श वार्ड बनाने का प्रयास होगा।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी ग्यारसी लाल सैनी आईसीसी के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक राजेंद्र सेन, स्टेट कॉर्डिनेटर सागर मावर, प्रदेश सचिव आरएस देव, ओबीसी कांग्रेस जयपुर जिला अध्यक्ष नरेन्द्र मारवाल, न्सुई प्रदेश महासचिव किरोड़ी लाल सैनी, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के उपाध्यक्ष मनोज अजमेरा, पुष्पेंद्र सैनी एड., बाबू लाल सैनी, मदन मोहन सैनी, मोहन सैनी, गिर्राज सैनी, महिला शक्ति के रूप में ममता जांगिड, ममता सैनी, ईशा सैनी, गंगा सैनी, चंपा सैनी, संतोष सैनी, सुमन सैनी, गीता शर्मा, अनीता जांगिड सहित कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, विधानसभा में अन्य पार्षद गण और तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# बाढ़ के कारण मुरादाबाद रेल मंडल में संचालित पांच ट्रेन निरस्त

**मुरादाबाद/ब्यूरो।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि जम्मूतवी मंडल के पठानकोट कैंट-कन्दरोरी रेलखंड में डाउन लाइन पर तथा जम्मूतवी-श्री माता वैष्णोदेवी कटरा, जम्मूतवी-बाड़ी ब्राह्मण रेलखंड में बाढ़ के कारण मुरादाबाद रेल मंडल में संचालित पांच रेलगाड़ियों को निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजनेट किया गया है।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने आगे बताया कि गाड़ी संख्या 14610 (श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - योगनगरी ऋषिकेश ) जेसीओ 26 अगस्त को निरस्त रहेगी।

गाड़ी संख्या 14609 ( योगनगरी ऋषिकेश-श्री माता वैष्णोदेवी कटड़ा) जेसीओ 26 अगस्त को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12238 (जम्मूतवी - वाराणसी ) जेसीओ 26 अगस्त को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22317 (सियालदाह-जम्मूतवी) जेसीओ 25 अगस्त को लुधियाना स्टेशन तक ही संचालित की जा जाएगी तथा लुधियाना से जम्मूतवी तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22318 (जम्मूतवी-सियालदाह) जेसीओ 27 अगस्त को लुधियाना से संचालित किया जाएगा। लुधियाना से जम्मूतवी तक यह गाड़ी निरस्त रहेगी।



# गणेश चतुर्थी के अवसर पर शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था

**देश का दर्पण न्यूज**

गणेश चतुर्थी के असर पर दिनांक 28 .08 .2025 को शोभायात्रा सांयकाल गणेश जी मन्दिर से रवाना होकर मोती डूंगरी रोड़, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, ब्रह्मपुरी होते हुये गढ गणेश मन्दिर पहुंचकर विसर्जित होगी। शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से रहेगी

1.डायवर्जन व्यवस्था

शोभायात्रा के मार्ग पर चलने वाले यातायात को 15 मिनट पूर्व डायवर्ट कर समानान्तर मागों से निकाला जावेगा।

शोभायात्रा के दौरान त्रिमूर्ति सर्किल से जे.डी.ए. चौराहा के बीच, आर.बी.आई तिराहा से गणेश मंदिर के बीच तख्तेशाही रोड़, धर्मसिंह सर्किल से गणेश मंदिर की तरफ वाहनों का आवागमन निषेद्य रहेगा। वाहनो को आवश्यकतानुसार समानान्तर मार्गों पर डायवर्ट किया जायेगा।

शोभायात्रा के धर्मसिंह सर्किल पहुँचने से पूर्व गोविन्द मार्ग से त्रिमूर्ति सर्किल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को गुरुद्वारा मोड से घाटगेट चौराहा की तरफ एवं राजापार्क चौराहा से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के धर्मसिंह सर्किल पहुँचने से पूर्व त्रिमूर्ति सर्किल से धर्मसिंह सर्किल की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को त्रिमूर्ति सर्किल से डायवर्ट कर समानान्तर मागों से संचालित किया जायेगा।

नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को नारायण सिंह सर्किल आवश्यकतानुसार डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के मिनर्वा चौराहा पहुँचने से पूर्व गुरुद्वारा मोड से मिनर्वा चौराहा की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को गुरुद्वारा मोड से गोविन्द मार्ग की तरफ एवं घाटगेट चौराहा से घाट बाजार एवं मुक्ति मार्ग की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के मिनर्वा चौराहा पहुँचने से पूर्व यादगार तिराहा से मिनर्वा चौराहा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को रामनिवास बाग चौराहा से रामनिवास बाग के अन्दर एंव चौडा रास्ता में तथा यादगार तिराहा से टोंक रोड पर डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।



शोभायात्रा के सांगानेरी गेट पर पहुँचने से पूर्व बडी चौपड की तरफ से सांगानेरी गेट की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को बडी चौपड से त्रिपोलिया व रामगंज की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

बापू बाजार से जौहरी बाजार में आने वाले सामान्य यातायात को न्यूगेट चौराहा से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के बडी चौपड पर पहुँचने से पूर्व सुभाष चौक की तरफ से बडी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को सुभाष चौक से चार दरवाजा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के बडी चौपड पर पहुँचने से पूर्व रामगंज चौपड की तरफ से बडी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को रामगंज चौपड से घाट बाजार, गलता गेट व चार दरवाजा की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के बडी चौपड पर पहुँचने से पूर्व छोटी चौपड की तरफ से बड़ी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को त्रिपोलिया टी पोईन्ट से चौडा रास्ता की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के त्रिपोलिया गेट पहुँचने से पूर्व छोटी चौपड से त्रिपोलिया टी-पांईट की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को छोटी चौपड एवं रामनिवास बाग चौराहा से चौडा रास्ता में आने वाले सामान्य यातायात रामनिवास बाग चौराहा से डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा।

नेहरू बाजार एवं बापू बाजार से चौडा रास्ता में जाने वाले सामान्य यातायात को न्यूगेट चौराहा से रामनिवास बाग चौराहा की तरफ संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा के छोटी चौपड पहुँचने से पूर्व संजय सर्किल, चौगान चौराहा व अजमेरी गेट की तरफ से छोटी चौपड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानान्तर मागों से संचालित किया जायेगा।

शोभायात्रा चौगान चौराहा पर आने से पूर्व बारह भाईयों का चौराहा, लंगर के बालाजी, ब्रह्मपुरी बस स्टैण्ड से चौगान चौराहा की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट किया गया है।

टोंक रोड पर यातायात का अधिक दबाव होने पर यादगार तिराहा की तरफ से गोपालपुरा की तरफ जाने वाली बस/मिनी बसों को अशोका टी. पोईन्ट से अशोका मार्ग पर संचालित किया जायेगा।

## एटीएम कार्ड बदलकर 90 हजार उड़ाने वाला ठग गिरफ्तार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के हरि नगर थाना पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर उनके खातों से रकम उड़ा देता था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी निवासी कृष्ण उर्फ ऋषि (24) के रूप में हुई है। आरोपित के पास से 90 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि 01 अगस्त को वह हरि नगर डीबी ब्लॉक स्थित एक एटीएम से पैसा निकाल रहा था। इस दौरान दो युवक पीछे से आए और मदद का बहाना करने लगे। ट्रांजैक्शन असफल रहा और अगले दिन शिकायतकर्ता के खाते से 90 हजार रुपये की निकासी हो गई। जांच में पता चला कि आरोपितों ने उसका एटीएम कार्ड मिलते-जुलते कार्ड से बदल दिया था। मामले की शिकायत पर ई-एफआईआर दर्ज की गई। हरि नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरु की। पुलिस ने तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपितों की पहचान कृष्ण उर्फ ऋषि और उसके रिश्तेदार अमरनाथ के रूप की। इस बीच पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधर पर कृष्ण को दबोच लिया और उसके कब्जे से रुपये बरामद किए। फिलहाल पुलिस आरोपित के साथी की तलाश कर रही है।

## चोरी के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सदर बाजार थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ हजार रुपये और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अनस कुरैशी (25) और अदनान कुरैशी (22) के रूप में हुई है। दोनों भाई उसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर रहते थे, जिसमें पीड़ित परिवार तीसरी मंजिल पर रहता है। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बंथिया ने बताया कि शिकायतकर्ता मोहम्मद इमरान ने 24 अगस्त को पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी तीसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट से रात में दो मोबाइल फोन और रुपये चोरी हुए है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने जांच में पाया कि इमारत का ग्राउंड फ्लोर रात में बंद रहता है, ऐसे में किसी बाहरी शख्स का तीसरी मंजिल तक पहुंच पाना मुश्किल था। पुलिस ने शक की सुई उसी बिल्डिंग के निवासियों की ओर घुमाई। स्थानीय जानकारी और गुप्त सूत्रों से पता चला कि पांचवीं मंजिल पर रहने वाले दोनों भाई पहले भी छोटे-मोटे अपराधों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों भाई के कमरे की तलाशी ली। तलाशी में उनके पास से चोरी का माल बरामद हो गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों भाइयों ने कबूल किया कि वे अनाथ हैं और स्कूल छोड़ चुके हैं। नशे और शराब की लत पूरी करने के लिए वे चोरी-चकारी करते थे। वारदात वाली रात उन्होंने देखा कि तीसरी मंजिल के फ्लैट का दरवाजा खुला है और मौका पाकर उन्होंने नकदी व मोबाइल चोरी कर लिया।

## भगोड़ा आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए आरोपित हरीश (32) को गिरफ्तार किया है।आरोपित सुल्तानपुरी का रहने वाला है। वह कई मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपित हरीश पर 2019 में मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में बैग और मोबाइल फोन स्नैचिंग के मामले में एफआईआर दर्ज हुई थी। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह लगातार पेशी से गायब रहा और 12 नवंबर 2024 को रोहिणी कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित किया। इसके अलावा वह अशोक विहार और सुल्तानपुरी थानों के मामलों में भी वांछित था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार 25 अगस्त को क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि आरोपित हरीश रोहिणी कोर्ट सेक्टर-14 के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है। पुलिस ने सूचना को पुख्ता कर जाल बिछाया और मौके से हरीश को दबोच लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि हरीश अब तक 10 संगीन वारदात में शामिल रहा है, जिनमें लूट, झपटमारी और आर्म्स एक्ट के मामले हैं। आरोपित के खिलाफ मंगोलपुरी, अशोक विहार, सुल्तानपुरी, अमन विहार, राज पार्क और पश्चिम विहार ईस्ट सहित कई थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक हरीश गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है और केवल छठी कक्षा तक पढ़ा है। बाद में वह नशे का आदी हो गया और मजदूरी के साथ-साथ झपटमारी व लूट जैसी वारदातों को अंजाम देने लगा।

## लोक सभा अध्यक्ष एससी-एसटी कल्याण संबंधी समितियों के सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समितियों के सभापतियों का राष्ट्रीय सम्मेलन भुवनेश्वर में 29 अगस्त को आयोजित होगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला इसका उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय इस सम्मेलन में 120 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे और विषय होगा– अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण, विकास और सशक्तीकरण में संसदीय और विधायी समितियों की भूमिका। लोक सभा सचिवालय के अनुसार उद्घाटन सत्र में ओम बिरला प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और स्मारिका का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय समिति के सभापति फग्गन सिंह कुलस्ते सभा को संबोधित करेंगे। ओडिशा विधान सभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी स्वागत भाषण देंगी और उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई धन्यवाद ज्ञापित करेंगे।

# अभाविप ने डूसू चुनाव में एक लाख रूपए की बांड नीति वापस लेने की मांग की

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में एक लाख का चुनावी बांड भरवाने के सिलसिले में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने एक लाख का चुनावी बांड के निर्णय को वापस लेने की मांग की। अभाविप दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि अभाविप विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करती है कि यथाशीघ्र इस फैसले को वापस लिया जाए अन्यथा विद्यार्थी परिषद का आंदोलन सड़क से लेकर न्यायालय तक और तेज होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां लिंगदोह समिति चुनावी खर्च की सीमा पांच हजार रूपये तय करती है तो उसी के विपरीत एक लाख का चुनावी बांड भरवाना किसी भी रूप में तर्कसंगत नहीं है। शर्मा ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव लोकतंत्र में



सहभागिता के लिए छात्रों को प्रेरित करता रहा है। छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक प्रारूप की प्रथम सीढ़ी के रूप में है। उन्होंने कहा कि बांड भरवाने का निर्णय कही न कही आर्थिक रूप से सशक्त एवं समृद्ध छात्रों तक ही चुनाव सीमित कर देगा। सार्थक शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व छात्रसंघ चुनाव में सभी को लड़ने के लिए समान अवसर दिया जाना चाहिए और इस निर्णय को वापस लिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि अभाविप यह मांग करती है कि छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक ढांचे के अनुरूप शांतिपूर्ण तरीके से किए जाए एवं एक लाख का चुनावी बांड के फैसले को वापस लिया जाए क्योंकि यह निर्णय छात्र विरोधी एवं आम छात्रों के छात्रसंघ चुनाव लड़ने के सपने को पूरा नहीं होने देगा।

दिल्ली प्रांत मंत्री ने कहा कि अभाविप शुरू से ही बांड भरवाने के नीति के खिलाफ रही है। आज कला संकाय में प्रदर्शन किया गया। इससे पहले अभाविप के नेतृत्व में कई कॉलेजों में भी इस निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। इस विरोध प्रदर्शन में डीयू के रामजस कॉलेज, हिन्दू कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज, मिरांडा हाउस आदि के छात्रों ने सहभागिता की।

## लंबित ट्रैफिक चालान के बहाने 1.58 लाख की ठगी: साइबर ठग हुआ गिरफ्तार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले की साइबर थाना टीम ने लंबित ट्रैफिक चालान के नाम पर 1.58 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपित अजय कुमार (24) को पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पीड़ित आयुष गोयल का मोबाइल हैक कर अपराध को अंजाम दिया, जिसमें एक एपीके फाइल इंस्टॉल कराई गई थी। इस फाइल के जरिए रकम को कई क्रेडिट कार्ड्स में ट्रांसफर किया गया, फिर नकद निकालकर बैंक खातों में जमा कर मनी ट्रेल तोड़ी गई।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल क्रेडिट कार्ड भी बरामद किया है। घटना 1 अगस्त को सामने आई, जब पीतमपुरा निवासी आयुष गोयल ने शिकायत दर्ज की थी कि साइबर ठगों ने ट्रैफिक चालान के बहाने उनकी रकम हड़प ली है। शिकायत पर मामला दर्ज करके जांच के लिए एस आई नवीन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी से आरोपित को ट्रैक कर लिया। उसका लोकेशन पंजाब के जालंधर में मिला। जांच में पता चला कि आरोपित ने अमेजन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रकम ट्रांसफर की थी। आरबीआई दिशा-निर्देशों के कारण शुरुआत में कार्ड विवरण नहीं मिला, लेकिन मर्चेंट डेटा से ट्रांजैक्शन का पता चला। प्राप्त सूचना और तकनीकी जानकारी के आधार पर टीम ने आरोपित को पंजाब से पकड़ लिया।

पूछताछ में अजय ने स्वीकार किया कि वह पुर्तगाल आधारित व्हाट्सएप नंबर से संपर्क रखने वाले सामर के साथ मिलकर काम करता था। सामर रकम उसके क्रेडिट कार्ड में भेजता और नकद निकालने का निर्देश देता था। आरोपित अजय के खिलाफ कार्रवाई जारी है, साथ ही अन्य मामलों में भी उसकी संलिप्तता की जांच चल रही है।

# दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के तहत महापौर ने किया घोंडा क्षेत्र का दौरा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शाहदरा उत्तर जोन के घोंडा क्षेत्र का दौरा किया। महापौर ने सड़क पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली का संदेश देते हुए अपील की कि वे अपने घर और आस-पास सफाई रखें और निगम की मुहिम में सक्रिय सहयोग करें।

इस दौरान महापौर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यमुना विहार में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। साथ ही राजा इकबाल सिंह ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं नाली-नालों की सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए और जनता को साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराया जाए। महापौर ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ निगम की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह समाज के हर नागरिक



का कर्तव्य है। सब मिलकर दिल्ली को कूड़े से आजादी दिला सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि घर-घर में स्वच्छता का संकल्प लें और निगम की मुहिम में भागीदार बनें। इस अवसर पर घोंडा विधानसभा से विधायक अजय माहवार, निगम के जोन चेयरमैन पुनीत शर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, स्थानीय पार्षद मनीषा पुनिया तथा उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शातिर वाहन चोर को दबोचा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मध्य जिले की एएटीएस यूनिट और थाना रंजीत नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर अंतरराज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जो दिल्ली से लग्जरी गाड़ियां चुराकर पंजाब ले जाता था। पुलिस ने आरोपित से एक चोरी की फॉर्च्यूनर कार बरामद की है। जिसे वह दिल्ली से चुराकर पंजाब ले जा रहा था। पुलिस टीम को आरोपित को पकड़ने के लिए करीब 100 किलोमीटर तक पीछा करना पड़ा। इस दौरान आरोपित ने हरियाणा के मुरथल टोल पर पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश भी की, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमृतसर निवासी अमनदीप सिंह (42) के रूप में हुई है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपित पहले भी 9 मामलों में शामिल रह चुका है। जिनमें कार चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले शामिल हैं। पूछताछ में आरोपित के निशानदेही पर पंजाब से तीन और लग्जरी कारें–दो क्रेटा और एक किया सेल्टोस बरामद की गई। मध्य जिले के डीसीपी निधिन वलसन ने बताया कि 29 जुलाई को पांडव नगर इलाके से एक इनोवा कार चोरी होने की शिकायत दर्ज हुई थी। इसके बाद जिले की एएटीएस और थाना



रंजीत नगर की संयुक्त टीम बनाई गई। तकनीकी निगरानी और मुखबीर से पता चला कि चोरी की कारों के पीछे अमनदीप सिंह नाम का अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह सक्रिय है। बीती देर रात सूचना मिली कि आरोपित चोरी की फॉर्च्यूनर लेकर पंजाब की ओर जा रहा है। पुलिस ने उसका पीछा किया और मुरथल तक घेराबंदी की। जब आरोपित को पकड़ा जाने लगा तो उसने पुलिसकर्मियों को गाड़ी से कुचलने की कोशिश की, लेकिन खुद को बचाने के लिए थोड़ी दूरी पर कार छोड़कर खेतों में भाग गया। पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद उसे दबोच लिया। डीसीपी ने बताया कि गिरोह का तरीका बेहद हाई-टेक है। लग्जरी कार चुराने से पहले आरोपित और उसके साथी गाड़ी पर लगे सुरक्षा सिस्टम का कोड निकाल लेते थे। कार के पीछे लगे होलोग्राम की फोटो लेकर वे दुबई में बैठे अपने तकनीकी साथी को भेजते थे।

# गृहमंत्री की निष्पक्ष टिप्पणी को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण: एआईबीए

एजेंसी
**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बार एसोसिएशन (एआईबीए) के चेयरमैन डॉ. आदीश सी. अग्रवाल ने 18 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों द्वारा जारी उस वक्तव्य की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी को लेकर गृहमंत्री की टिप्पणियों की आलोचना की है।




सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके डॉ. आदीश ने कहा कि जब कोई सेवानिवृत्त न्यायाधीश स्वेच्छा से राजनीति में प्रवेश करता है तो वह अब न्यायिक पद की विशेष छवि और प्रतिरक्षा का दावा नहीं कर सकता। ऐसे में उसे अपने राजनीतिक निर्णयों और कार्यों पर न्यायोचित आलोचना का सामना करना ही होगा। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री की टिप्पणियां न तो व्यक्तिगत थीं और न ही अपमानजनक, बल्कि यह समयानुकूल स्मरण कराती हैं कि न्यायाधीशों को अपने कार्यकाल के दौरान सदैव यह ध्यान रखना चाहिए कि उनके आदेश और निर्णय देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा या संप्रभुता से कभी समझौता न करें।डॉ. अग्रवाल ने कहा, न्यायिक स्वतंत्रता सर्वोपरि है, परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि न्यायिक निर्णय अदालत की चारदीवारी से परे जाकर दूरगामी परिणाम उत्पन्न करते हैं, विशेषकर तब जब वे राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े हों। कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों द्वारा एक वरिष्ठ संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की निष्पक्ष टिप्पणी को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह न्यायपालिका की निष्पक्षता पर जनता का भरोसा कमजोर करता है। ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के रुख को दोहराते हुए उन्होंने कहा, हम न्यायिक जवाबदेही, राष्ट्रीय सुरक्षा और इस सिद्धांत के पक्षधर हैं कि कोई भी व्यक्ति - चाहे वह न्यायाधीश हो, राजनीतिज्ञ हो या जन-प्रतिनिधि- न्यायोचित आलोचना से ऊपर नहीं है।

## चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एंटी-बर्गलरी सेल यूनिट ने नजफगढ़ इलाके में हुई रात की चोरी की वारदात को महज 8 घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान मुमताज (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 3.14 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह के अनुसार शिकायतकर्ता मुकुल जैन ने बताया कि उनके गोदाम से 19-20 अगस्त की रात को 4.5 लाख रुपये चोरी हो गए। शिकायतकर्ता के बयान पर नजफगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच में पाया कि चोर ने चेहरे को छुपाने के लिए प्लास्टिक की बोरी पहनी हुई थी और सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए थे। खास बात यह रही कि गोदाम में मौजूद कुत्ते आरोपित पर भौंके तक नहीं, जिससे पुलिस को शक हुआ कि चोरी करने वाला कोई अंदर का आदमी हो सकता है।जांच में कर्मचारियों से पूछताछ की। इसके अलावा तकनीकी निगरानी में पता चला कि मुमताज की लोकेशन वारदात के समय घटनास्थल के पास थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने साईं बाबा मंदिर, नजफगढ़ के पास जाल बिछाकर मुमताज को दबोच लिया। उसके पास से चोरी के 3.14 लाख रुपये बरामद हुए। पूछताछ में मुमताज ने बताया कि वह मूल रूप से सुपौल बिहार का रहने वाला है और कुछ महीने पहले ही नजफगढ़ में गोदाम में लोडर का काम करने लगा था। उसे समय पर वेतन नहीं मिला, जिससे नाराज होकर उसने अपने साथी के साथ चोरी की साजिश रची। गोदाम के कुत्ते उसे पहचानते थे इसलिए उन्होंने उस पर हमला नहीं किया।

# गणेशोत्सव पर श्रद्धालुओं के लिए रेलवे चलाएगा 380 से अधिक गणपति स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी
**नई दिल्ली।** गणेशोत्सव पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने इस वर्ष रिकॉर्ड 380 से अधिक गणपति स्पेशल ट्रेन फेरों के संचालन का निर्णय लिया है। गणपति उत्सव के दौरान विशेष रेलगाड़ियों के फेरों का यह नया कीर्तिमान है। रेल मंत्रालय ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) स्टेशन से पहली गणपति स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, गणेशोत्सव की विशेष शुरुआत हुई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देनेंद्र फडणवीस ने सीएसएमटी स्टेशन से गणपति स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। भारतीय रेलवे द्वारा 380 से अधिक यात्राओं के साथ, भक्त इस त्यौहारी सीजन में एक सुगम और आनंदमय यात्रा के लिए तैयार हैं। रेलवे ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए गणपति स्पेशल ट्रेनों के फेरों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ाई गई है। यह विशेष सेवाएं महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र के लाखों



श्रद्धालुओं को त्यौहार के दौरान सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव कराएंगी। भारतीय रेलवे की ओर से जारी बयान के अनुसार इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में भी रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ना सिर्फ विशेष ट्रेनों का संचालन किया था, बल्कि उनके फेरों की संख्या भी बढ़ाई थी। वर्ष 2023 में रेलवे ने 305 गणपति स्पेशल ट्रेन फेरों का संचालन किया था, वहीं 2024 में इनकी संख्या बढ़ाकर 358 कर दी गई थी। इस बार यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए फेरों की संख्या और बढ़ाई गई है। त्योहारों के मौसम में श्रद्धालु यात्री अपनी यात्रा की तैयारी पहले से शुरू कर देते हैं। इसलिए यात्रियों की सहूलियत के लिए रेलवे द्वारा गणपति स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत 11 अगस्त से कर दी गई है, जबकि गणेशोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों से संबंधित विस्तृत जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट, रेलवन ऐप और कंप्यूटरीकृत पीआरएस पर उपलब्ध कराई गई है।

## सीबीआई ने लखनऊ में नारकोटिक्स ब्यूरो के दो इंस्पेक्टरों को 10 लाख रुपये की रिश्वत मामले में किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), लखनऊ के दो इंस्पेक्टरों और एक निजी नर्सिंग होम के मालिक को 10 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने 26 अगस्त को विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर यह मामला दर्ज किया। आरोप है कि सीबीएन, लखनऊ के दो इंस्पेक्टरों और कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने लखनऊ के एक निजी नर्सिंग होम के मालिक को प्रतिबंधित दवा की खरीद के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगी थी। जांच के दौरान, निजी नर्सिंग होम के मालिक द्वारा सीबीएन के आरोपित अधिकारियों को दी गई 10 लाख रुपये की रिश्वत बरामद की गई। दोनों आरोपित इंस्पेक्टरों और रिश्वत देने वाले नर्सिंग होम मालिक को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# जलवायु परिवर्तन के असर से पूरे भारत में मानसून का पैटर्न हो रहा प्रभावित: अध्ययन

एजेंसी
**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के असर से पूरे भारत में मानसून का पैटर्न प्रभावित हो रहा है। पिछले दस सालों में कम समय में भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले 10 वर्षों में राजस्थान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र के शुष्क क्षेत्रों में बारिश उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। वहीं गंगा के मैदान, पूर्वोत्तर भारत और ऊपरी हिमालय क्षेत्र में स्थित 11 प्रतिशत तहसीलों में बारिश में कमी देखी गई है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेशनल मानसून मिशन के उच्च रिजोल्यूशन वाले डेटा पर आधारित इस अध्ययन के अनुसार, देश की 55 फीसदी 'तहसीलों' या सब-डिस्ट्रिक्ट में पिछले दशक (2012-2022) में बारिश में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दिखाई दे रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और तमिलनाडु कुछ भागों जैसे पारंपरिक रूप से सूखे क्षेत्रों की तहसीलें शामिल हैं। इनमें से लगभग एक-चौथाई तहसीलों में जून से सितंबर की अवधि के दौरान वर्षा में 30 प्रतिशत से अधिक की स्पष्ट



बढ़ोतरी देखी जा रही है। सीईईडब्ल्यू में आयोजित कार्यशाला में सीईईडब्ल्यू के प्रोग्राम लीड डॉ. विश्वास चितले ने बताया कि अध्ययन में देश की 4,500 से अधिक तहसीलों में 40 वर्षों (1982-2022) के दौरान हुई बारिश का अपनी तरह का पहला सूक्ष्म विश्लेषण किया है। इससे पिछले दशक में तेजी से बदलने वाले और अनियमित मानसून पैटर्न की जानकारी सामने आई है। अध्ययन से पता चलता है कि पिछले दशक में देश की सिर्फ 11 प्रतिशत तहसीलों में दक्षिण-पश्चिम मानसूनी बारिश में कमी दिखाई दी है। ये सभी तहसीलें वर्षा आधारित सिंधु-गंगा के मैदान, पूर्वोत्तर भारत और ऊपरी हिमालयी क्षेत्रों में स्थित हैं। ये क्षेत्र भारत के कृषि उत्पादन के लिए अति-महत्वपूर्ण हैं और जहां नाजुक पारिस्थितिकी-तंत्र मौजूद है, जो जलवायु की चरम घटनाओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है। डॉ. चितले ने कहा कि बढ़ती अनियमित बारिश के पैटर्न को देखते हुए अर्थव्यवस्था को भविष्य में ऐसी घटनाओं के प्रभावों से सुरक्षित बनाने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण होगा। मानसून हमारे जीवन के सभी पहलुओं पर असर डालता है। सीईईडब्ल्यू का यह अध्ययन न केवल पूरे भारत में पिछले 40 वर्षों के दौरान दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी मानसून के उतार-चढ़ावों की जानकारी जुटाता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर जोखिम के आकलन के लिए निर्णय-निर्माताओं को तहसील-स्तरीय बारिश की जानकारी उपलब्ध कराता है। मौसम की बढ़ती चरम घटनाओं को देखते हुए, अति-स्थानीय स्तर पर जलवायु जोखिमों का आकलन करना और कार्य योजनाएं बनाना भारत के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून से बारिश में कमी का सामना करने वाली तहसीलों में से 87 प्रतिशत, बिहार, उत्तराखंड, असम और मेघालय जैसे राज्यों में स्थित हैं।

# रोइनेट की 'बीसी-सखी' पहल से बदल रही ग्रामीण महिलाओं की ज़िंदगी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** वाराणसी की रहने वाली 35 वर्षीय जयलक्ष्मी देवी ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं थी लेकिन जब वे बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट्स( बीसी-सखी) बन कर काम करने लगी तब उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता था लेकिन आज लोगों का नजरिया बदलने के साथ यह काम उनके लिए रोजगार का जरिया बन गया है। जयलक्ष्मी कहती हैं कि पहले लोग कहते थे कि यह क्या सिखाएगी बैंकिंग? लेकिन आज स्थिति यह है कि उनके सारे वित्तीय कामकाज संभाल रही हूं। इसी तरह बीए पास और दो बच्चों की मां 36 वर्षीय रिया शर्मा की कहानी भी जुदा नहीं है। उन्होंने बीसी-सखी बनने से पहले कभी कहीं काम नहीं किया था। आज वह अपने परिवार के सहयोग से 14 से 15 हजार रुपए प्रतिमाह कमा रही है। वे कहती हैं कि ÷यह सब संभव हो सका क्योंकि उन्होंने सही दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाया था और आज कई महिलाओं को बैंकिंग का काम सिखा कर आत्मनिर्भर बन गई हूं और लोगों की धारणा को भी बदल रही हूं। यह सिर्फ इन दोनों महिलाओं की कहानी नहीं बल्कि बीसी सखी बन चुकी कई महिलाओं की है जो आज न केवल आत्मनिर्भर बन रही है बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं। गुरुग्राम की फिनटेक कंपनी रोइनेट ने पांच साल पहले बीसी-सखी पहल की शुरुआत की थी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को बैंकिंग संवाददाता (बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट्स) के रूप में निशुल्क प्रशिक्षण देना है, ताकि वे अपने समुदायों को घर-घर जाकर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करा सकें। इन महिलाओं को स्मार्टफोन, बायोमेट्रिक माइक्रो-एटीएम और एक यूज़र-फ्रेंडली ऐप से लैस किया गया है, जिससे वे डिजिटल तौर पर सशक्त बनें। यह पहल सिर्फ 105 बीसी-सखियों से शुरू हुई थी, वहीं आज यह आंकड़ा 10,000 से अधिक सक्रिय बीसी-सखियों तक पहुंच चुका है। इनमें से कई महिलाएं पहली बार आय अर्जित कर रही हैं और 10 से 50 हजार रुपये प्रति माह तक कमा रही हैं। रोइनेट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, समीर माथुर बताते हैं कि शुरू में ग्रामीण भारत में महिलाओं के बैंकिंग सेवाएं देने की अवधारणा को लेकर संदेह था। लोग पूछते थे, %घूंघट में रहने वाली महिला बैंकिंग सेवा कैसे देगी? लेकिन हमने इन महिलाओं में सीखने, कमाने और समाज में अपनी पहचान बनाने की ललक देखी। उन्हें प्रशिक्षण दे कर बीसी-सखी बनाया। उन्हें देखकर गांव की अन्य महिलाएं भी बैंकिंग से जुड़ने लगी।

# थकान, कब्ज, एसिडिटी और हार्मोनल समस्याओं का गुलकंद है मीठा और असरदार इलाज




**गुलकंद एक स्वादिष्ट और असरदार हर्बल टॉनिक है जो गर्मी और उमस के मौसम में शरीर को ठंडक देने, पाचन सुधारने और एनर्जी बनाए रखने में बेहद कारगर है. यह आपकी डेली डाइट में एक मीठा और हेल्दी ऐड-ऑन बन सकता है.**

गर्मी हो या उमस भरा मौसम, बार-बार थकान, एसिडिटी, कब्ज और शरीर में सुस्ती जैसी परेशानियां आम हो जाती हैं. ऐसे में लोग अक्सर दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो एक मीठा, स्वादिष्ट और प्राकृतिक विकल्प भी मौजूद है ङ्क गुलकंद. यह सिर्फ स्वाद बढ़ाने वाला नहीं, बल्कि सेहत का खजाना है. इसमें मौजूद विटामिन, मिनरल और प्राकृतिक ठंडक देने वाले तत्व शरीर को कई समस्याओं से बचाते हैं. गुलकंद का सेवन न केवल एनर्जी बढ़ाता है बल्कि पाचन, स्किन हेल्थ और हार्मोन बैलेंस में भी मदद करता है. आइए जानते हैं कि गुलकंद कैसे आपकी रोजमर्रा की हेल्थ प्रॉब्लम्स को दूर कर सकता है.

**गुलकंद क्यों है खास?**

गुलकंद गुलाब की पंखुड़ियों और चीनी से बनाया जाता है, जो शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ कई पोषक तत्व भी देता है. इसमें विटामिन्, ष्ट, श्व, ड्ढ६, कैल्शियम, आयरन और मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में होते हैं. यह लो-कैलोरी फूड है, इसलिए वज़न बढ़ने का डर भी नहीं रहता.

गर्मी के मौसम में यह ब्लोटिंग, पेट दर्द, एसिडिटी, इचिंग और बैक एक्ने जैसी दिक्कतों को कम करता है. कई लोगों में गर्मी के कारण शुगर क्रेविंग बढ़ जाती है, ऐसे में गुलकंद मीठा खाने की इच्छा पूरी करते हुए शरीर को हेल्दी भी रखता है.गुलकंद के फायदे

**1. कब्ज से राहत**

गलत खानपान, कम पानी पीना और अनियमित लाइफस्टाइल से कब्ज की समस्या बढ़ती है. गुलकंद में मौजूद नैचुरल फाइबर और शुगर आंतों में पानी की मात्रा बढ़ाते हैं, जिससे बॉवल मूवमेंट आसान हो जाता है. यह प्रोबायोटिक फूड है, जो गट में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ाता है और पाचन दुरुस्त करता है. रात को सोने से पहले दूध में गुलकंद मिलाकर पीना कब्ज और एसिडिटी दोनों से राहत देता है.

**2. एनर्जी बूस्टर**

गुलकंद में मौजूद आयरन और मिनरल्स हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाते हैं, जिससे ब्लड सेल्स को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर होते हैं, जो इम्यूनिटी मजबूत करते हैं और थकान को दूर करते हैं. रोज़ाना 1 चम्मच गुलकंद खाने से दिनभर एक्टिवनेस बनी रहती है.

**3. पीसीओडी में मददगार**

हार्मोनल असंतुलन से होने वाली पीसीओडी की समस्या में गुलकंद सहायक साबित हो सकता है. यह क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करता है, स्किन पर होने वाले एक्ने को घटाता है और हीमोग्लोबिन लेवल को बढ़ाता है.

**4. थायरॉइड कंट्रोल**

थायरॉइड हार्मोन का स्तर संतुलित रखने में गुलकंद मदद करता है. दिन में दो बार इसका सेवन थायरॉइड पेशेंट्स के लिए लाभकारी हो सकता है. इसे पानी में घोलकर पीने से शरीर को ठंडक मिलती है और एनर्जी लेवल भी अच्छा रहता है.

# भारत चाहता है यह युद्ध का नहीं, शांति का दौर बने

**भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफगानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है।**



दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध और हिंसा ने सभ्यता की प्रगति को खतरे में डाल दिया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष इसके ताजे उदाहरण के रूप में हमारे सामने है। इस युद्ध ने न केवल यूरोप की स्थिरता को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग शरणार्थी बने और ऊर्जा तथा खाद्यान्न संकट ने विकासशील देशों को प्रभावित किया। ऐसे कठिन समय में भारत ने अपनी पारंपरिक नीति-अहिंसा, निशस्त्रीकरण और अयुद्ध का परिचय कराते हुए यह स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण देकर भारत ने संकेत दिया है कि युद्ध विराम एवं शांति समझौता कराने में भारत सक्रिय भूमिका निभा सकता है, निश्चित ही इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन को भारत बातचीत की टेबल पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा, इससे युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होगा।भारत द्वारा यूक्रेन के राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण देना केवल शांति प्रयासों का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की चालों को करारा जवाब देने वाला एक कूटनीतिक कदम भी है। हाल के दौर में अमेरिका ने भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाकर और विभिन्न आर्थिक दबाव बनाकर उसकी अर्थव्यवस्था को अस्थिर एवं अस्तव्यस्त करने की कोशिश की है। किंतु मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ कूटनीति से यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ज़ेलेन्स्की को आमंत्रित कर भारत ने यह दिखा दिया कि वह रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद रखकर स्वतंत्र नीति अपनाने में सक्षम है और अमेरिका की अपेक्षाओं के आगे झुकने के बजाय अपनी शांति और संतुलन की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह कदम भारत की आत्मनिर्भर, साहसी और वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है-'यह युद्ध का दौर नहीं है।' यह वाक्य केवल एक कूटनीतिक कथन नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत नीति और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने केवल शब्दों तक ही सीमित भूमिका नहीं निभाई, बल्कि ठोस मानवीय प्रयास भी किए। 'ऑपरेशन गंगा' के अंतर्गत हजारों भारतीय छात्रों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, मानवीय सहायता और राहत सामग्री भेजी। भारत ने रूस और यूक्रेन, दोनों से संवाद बनाए रखा। पिछले साल अगस्त में नरेन्द्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं रूसी राष्ट्रपति पूतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत किया और कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने एवं युद्ध विराम का रास्ता है।

रूस और यूक्रेन के बीच यदि कभी बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसमें भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। आज भारत की छवि एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में उभरी है। भारत न केवल जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के लिहाज से बड़ा देश है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से भी विश्व में एक अलग पहचान रखता है। गांधी की भूमि, बुद्ध की करुणा और महावीर की अहिंसा से प्रेरित यह राष्ट्र यदि शांति का झंडा उठाता है, तो उसकी आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि पूरी दुनिया आज भारत से अपेक्षा कर रही है कि वह शांति का नेतृत्व करे। भारत की यह भूमिका उसे केवल एक उभरती महाशक्ति ही नहीं बनाती, बल्कि 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करती है। क्योंकि भारत जानता है-'शांति ही मानवता का वास्तविक मार्ग है, और अहिंसा ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति।'

भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफगानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से कहा कि मानवता के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि सहयोग-शांति-सौहार्द से मिलेगा। उन्होंने विकासशील देशों की पीड़ा और युद्ध से उत्पन्न आर्थिक संकट को सामने रखकर यह स्पष्ट किया कि युद्ध का खामियाजा गरीब और छोटे देशों को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ता है। आज की दुनिया में हथियारों की होड़ और सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि तकनीकी, साइबर और आर्थिक क्षेत्रों में भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे समय में भारत की अहिंसा और अयुद्ध की नीति मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ का काम कर रही है।भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा-÷अहिंसा परमो धर्मः÷। गौतम बुद्ध ने करुणा और मैत्री का संदेश दिया और पूरी एशिया भूमि को 'शांति क्षेत्र' बनाने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी परंपरा को आधुनिक राजनीति में रूपांतरित किया। उन्होंने दिखाया कि सत्य और अहिंसा के आधार पर साम्राज्यवाद जैसी शक्तिशाली सत्ता को भी परास्त किया जा सकता है। भारत की आत्मा में यह विश्वास गहराई से निहित है कि हिंसा केवल विनाश लाती है और शांति ही स्थायी समाधान है। इसी विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्टीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है। 2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध तेज हुआ, तब संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर मोदी ने दृढ़ता से कहा-'आज का समय युद्ध का नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का है।' भारत ने इस सत्य को समय रहते समझा और दुनिया को यह संदेश दिया कि 'शांति ही भविष्य है, युद्ध नहीं।' इसे आधुनिक कूटनीति में उतारकर यह साबित किया है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है।

स्वतंत्रता के बाद भारत ने अंतरराष्टीय राजनीति में गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई। शीत युद्ध के समय जब दुनिया अमेरिका और सोवियत संघ के दो खेमों में बंटी हुई थी, तब भारत ने यह साहस दिखाया कि वह किसी एक महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं बनेगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति टिटो और मिस्त्र के राष्ट्रपति नासिर ने मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। इसका उद्देश्य था-दुनिया के देशों को युद्ध की राजनीति से दूर रखना और शांति व सहयोग की नई राह खोलना। भारत की अहिंसा की नीति कहती है कि स्थायी समाधान केवल शांति और संवाद में है। अयुद्ध की नीति कहती है कि किसी भी गुट का पिछलग्गू बने बिना स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना ही असली ताकत है। भारत ने दिखाया है कि यह नीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि व्यावहारिक कूटनीति भी है। जब पूरी दुनिया किसी एक पक्ष में बंट रही हो, तब भारत जैसे देश का संतुलित रुख ही शांति की संभावना को जीवित रख सकता है। आज, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देश और रूस आमने-सामने खड़े हैं, भारत ने उसी गुटनिरपेक्ष दृष्टिकोण को अपनाया है। भारत न तो रूस के पक्ष में खड़ा हुआ है और न ही अंधाधुंध रूप से पश्चिम का समर्थन कर रहा है। उसने संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता बताया है। यही भारत की 'अयुद्ध नीति' है-जहां किसी से शत्रुता नहीं, बल्कि सबके साथ संतुलित संबंध रखकर शांति के लिए काम करना है। भारत ने अमेरिकी और यूरोपीय दबाव के बावजूद कभी भी केवल एक पक्ष का समर्थन नहीं किया। यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अमेरिका और पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत खुले रूप से रूस की निंदा करे और उस पर प्रतिबंध लगाए। किंतु भारत ने साफ कहा कि उसका दृष्टिकोण 'तटस्थ' ही नहीं, बल्कि 'शांति-उन्मुख' है। भारत का लक्ष्य किसी के खिलाफ खड़ा होना नहीं, बल्कि सबको शांति की राह पर लाना है। यही कारण है कि रूस और यूक्रेन, दोनों भारत पर भरोसा करते हैं। दोनों मानते हैं कि भारत बिना पूर्वाग्रह के समाधान का मार्ग खोज सकता है।

संपादकीय

# चुनाव प्रक्रिया से भरोसा डिगाने की चेष्टा, देश को अभी भी संवैधानिक मर्यादा और जिम्मेदार राजनीति की जरूरत

डॉ. हरबंश दीक्षित। कई बार आधारहीन, किंतु लोक-लुभावन जुमले लोकतंत्र को घातक चोट पहुंचाते हैं। वोट-चोरी जैसा आरोप इसी तरह के प्रयासों में से एक है। लोकतंत्र केवल चुनावों से ही नहीं, अपितु चुनाव-प्रक्रिया पर जनता के भरोसे पर पुष्पित-पल्लवित होता है।इसके लिए जरूरी है कि मतदान केंद्र पर कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदाताओं के मन में यह अटूट भरोसा हो कि उनका वोट सुरक्षित है और उनका निर्णय देश की दिशा तय करेगा। हाल के दिनों में कांग्रेस की आगुआई में कुछ दलों द्वारा वोट-चोरी जैसे आरोपों ने इस विश्वास को चुनौती देने का प्रयास किया है। इससे चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की साख को चोट पहुंच रही है।संविधान निर्माताओं ने संविधान के भाग-15 में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग की स्थापना की। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए संसद ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 तथा रजिस्ट्रेशन आफ इलेक्टोरल रूल्स-1960 बनाया, जिनमें मतदाता सूची के निर्माण, उसका प्रकाशन, उन पर आपत्तियों का आमंत्रण और उनके सम्यक निस्तारण की चरणबद्ध व्यवस्था है। यदि कोई व्यक्ति किसी अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है तो उसे अपील का अधिकार है।उसके पास अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय जाने का विकल्प भी उपलब्ध है। इस पूरी कानूनी व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि किसी के साथ अन्याय न हो। एक व्यक्ति को केवल एक जगह ही मतदान का अधिकार हो। किसी का नाम छूट गया है तो वह अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन करे और किसी ऐसे व्यक्ति का नाम जुड़ गया है, जो मतदाता होने का हकदार नहीं है, तो उस पर आपत्ति दर्ज करके उसे हटाया जा सके। यह पूरी प्रक्रिया दुनिया के दूसरे किसी भी लोकतंत्र से अधिक पारदर्शी है। यही कारण है कि शीर्ष न्यायालय ने कभी इस प्रक्रिया पर प्रश्न नहीं उठाया।चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों का सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि यह अपनी असफलता को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि देर-सबेर जनता इसकी सच्चाई को समझ जाएगी, किंतु कई बार इससे फौरी तौर पर घातक और कई बार अपूरणीय क्षति हो जाती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के चुनावों के बाद इसी तरह के जुमले का प्रयोग करते हुए चुनाव-चोरी का आरोप लगाया था।परिणाम यह हुआ कि अमेरिका के लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार कैपिटल हिल पर हिंसा भड़क उठी और अमेरिकी लोकतंत्र की छवि को गहरी चोट पहुंची। ब्राजील भी इस तरह के आरोपों की सजा भुगत चुका है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी इसकी कीमत चुका रहे हैं।

चूंकि हमारे देश में एक मजबूत कानूनी एवं न्यायिक ढांचा है और अधिकांश जनता भी परिपक्व है, लिहाजा किसी उथल-पुथल की आशंका नहीं है। इस तरह के सस्ते हथकंडों का प्रयोग राजनीतिक दलों की नींव को ही कमजोर करता है।

लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है। यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी का नाम जुड़ने या हटने पर आपत्ति है, तो उसे अदालत जाने का अधिकार है, किंतु इन विकल्पों के प्रयोग के बजाय किसी प्रमाण के बिना ही 'वोट चोरी' जैसे जुमले के प्रयोग से जनता में भ्रम और संदेह फैलता है, जो किसी के भी हित में नहीं है। राजनीतिक दलों का दायित्व है कि वे राजनीतिक लड़ाई के लिए झूठ और फरेब का सहारा न लें। वे जनता को लोकतंत्र की शक्ति में विश्वास दिलाएं। उन्हें निराश न करें।संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रहार करना दीर्घकालिक रूप से लोकतंत्र को कमजोर करता है। ऐसा करके दल अनजाने में उसी डाल को काट रहे होते हैं, जिस पर वे बैठे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि वे तभी तक सुरक्षित हैं, जब तक लोकतंत्र की जड़ों को जनविश्वास का पोषण मिलता रहता है। एक बार उसके टूटने पर सबकी सुरक्षा खतरे में पड़ती है। परिपक्व लोकतंत्र में राजनीतिक दलों से विशेष रूप से अपेक्षा की जाती है

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए

**अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराइए। आज जहां चारों और धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले।**



सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है। तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधाएं देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग-अलग काम के लिए थोड़ी- थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नहीं मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता।

इसे भी पढ़ें- आरक्षण में क्रीमी लेयर पर राजनीतिक दलों की चुप्पी

मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चैक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चैक जारी करने वाले पर संबधित बैंक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रूपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रूक गया। मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रूका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंश्योरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड़ पड़ गया।अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराइये। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लाँकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार-पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराइए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए। समझ नही आ रहा कि क्या-क्या कराएं। हम पर ये सब करना नहीं आता। इसका मतलब ये की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइये। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं ये जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा।

अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सेंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति-पत्नी कैसे उस लाइन में लगें, ये कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ-पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जांएगे।

केद्र सरकार / रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसके कार्य सिर्फ खाते धारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसे कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तरह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेले। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी। मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराए। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक/ बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हे अपने ग्राहकों को सुविधांए देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो ये मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा स मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। ये गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तय हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए

देश का दर्पण
जयपुर, गुरुवार
28.08.2025



## आईडीएफ का दावा- गाजा के नासिर अस्पताल पर हमले में छह 'आतंकवादी' मारे गए

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने दावा किया है कि गाजा के नासिर अस्पताल पर किए गए हवाई हमले में मारे गए लोगों में से छह 'आतंकी' थे। आईडीएफ ने कहा कि इनमें से एक आतंकी ने 07 अक्टूबर को इजराइल में हुई घुसपैठ में हिस्सा लिया था। आईडीएफ के बयान के मुताबिक, प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष बताते हैं कि मारे गए छह लोग आतंकवादी थे। इनमें से एक व्यक्ति 07 अक्टूबर की घुसपैठ में शामिल था। साथ ही चीफ ऑफ जनरल स्टाफ ने नागरिकों को हुए नुकसान पर खेद जताया है। उल्लेखनीय है कि नासिर अस्पताल पर हुए इस हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हुई थी। इनमें पांच पत्रकार और कई मेडिकल वर्कर शामिल थे, जो शुरुआती हमले के बाद मौके पर पहुंचे थे। इस घटना के बाद इजराइल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## नेपाल भारत क्षेत्रीय सीमा सुरक्षा प्रमुखों की बैठक दार्चुला में संपन्न

**काठमांडू।** उत्तराखण्ड से सटे नेपाली सीमावर्ती क्षेत्र के सीमा सुरक्षा प्रमुखों की बैठक दार्चुला में संपन्न हुई। इस बैठक में उत्तराखंड सीमावर्ती क्षेत्र के लिए एसएसबी के अधिकारी और नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के सशस्त्र प्रहरी बल के अधिकारी मौजूद रहे। डीआईजी स्तरीय नेपाल भारत सीमा सुरक्षा बैठक में सीमापार अपराध को रोकने, सीमा स्तंभों का अभिलेखीकरण और मरम्मत कार्य करने, सूचना आदान प्रदान करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में नेपाल के तरफ से सशस्त्र सीमा बल सुदूर पश्चिम प्रदेश के डिआईजी प्रदीप पाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया वहीं भारत के तरफ से अल्मोड़ा रेंज के एसएसबी के डीआईजी सुधांशु नौटियाल और देहरादून रेंज के डीआईजी अनिल कुमार शर्मा की उपस्थिति रही। सशस्त्र प्रहरी बल के डीआईजी प्रदीप पाल ने बताया कि यह सीमावर्ती क्षेत्र के डीआईजी स्तरीय सुरक्षा समिति की नियमित बैठक है। इस बैठक में सीमा स्तंभ के मरम्मत के साथ ही आपराधिक गतिविधि नियंत्रण के लिए सूचना आदान प्रदान को लेकर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि खुली सीमा का लाभ उठाकर किसी तीसरे मुल्क के नागरिकों के द्वारा अवैध रूप से प्रवेश पर विशेष सतर्कता अपनाने और संयुक्त गस्त लगाने पर भी सहमति हुई है।

## बेल्जियम पीएम बोले- अभी यूरोक्लीयर में ही रहे रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियां, जब्त करना कानूनी रूप से मुश्किल

**बर्लिन।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी. वेवर ने कहा कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से फ्रीज की गई रूस की राज्य संपत्तियों को फिलहाल बेल्जियम स्थित यूरोक्लीयर सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी में ही रहने देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन संपत्तियों को जब्त कर यूक्रेन के लिए उपयोग करने की कोशिश कानूनी रूप से बेहद जटिल हो सकती है। जी7 देशों ने 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से करीब 300 अरब डॉलर की रूसी संप्रभु संपत्तियां फ्रीज की हुई हैं। यूरोपीय संघ के अनुमान के मुताबिक इनमें से लगभग 210 अरब यूरो (करीब 246 अरब डॉलर) यूरोप में हैं, जिनमें से ज्यादातर सरकारी बॉन्ड के रूप में ब्रसेल्स स्थित यूरोक्लीयर में जमा हैं। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी वेवर ने कहा, कई सरकारें इस धन को जब्त करना चाहती हैं, लेकिन मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि यह कानूनी रूप से इतना आसान नहीं है। इन संपत्तियों में रूसी सेंट्रल बैंक के फंड भी शामिल हैं, जिन्हें कानूनी प्रतिरक्षा प्राप्त है। ऐसे में जब्ती का फैसला गंभीर परिणाम ला सकता है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कार्रवाई की गई तो अन्य देश भी अपनी राज्य निधियां वापस खींच सकते हैं, जिससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली पर गंभीर असर पड़ेगा।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे जमानत पर रिहा

**कोलंबो (श्रीलंका)।** भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार देश के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को आज दोपहर जमानत पर रिहा कर दिया गया। इससे पहले कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट निलुपिली लंकापुरा ने उन्हें जमानत प्रदान की। अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी। पुलिस ने आज उनकी अदालत में पेशी होने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त किया। डेली मिरर अखबार के अनुसार पुलिस ने अदालत की ओर जाने वाले तीन प्रमुख रास्तों पर लोगों की आवाजाही सीमित कर दी। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने 22 अगस्त को चार घंटे की पूछताछ के बाद पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को गिरफ्तार किया था। वे सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों पर बयान दर्ज कराने के लिए एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे। यह मामला सितंबर, 2023 में उनकी पत्नी प्रो. मैत्री विक्रमसिंघे के वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह में शामिल होने के लिए लंदन की उनकी यात्रा से संबंधित है। वह श्रीलंका के इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं। आपराधिक जांच विभाग के अधिकारियों का दावा है कि यात्रा और सुरक्षा खर्चों के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल किया गया। पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि उनकी पत्नी ने अपना खर्च खुद वहन किया और किसी भी सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं किया।

# तूफान काजीकी से मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हुई

एजेंसी

**हनोई ।** वियतनाम में तूफान काजिकी और उसके कारण आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। एक व्यक्ति अभी भी लापता है और 34 अन्य घायल हैं। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए, वियतनाम समाचार एजेंसी ने बताया कि 15 घर नष्ट और 8,700 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें 63 स्कूल और आठ चिकित्सा केंद्र शामिल हैं। 81,500 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत जलमग्न हो गए और लगभग 2,000 मवेशी और मुर्गियां मारी गईं।

समाचार एजेंसी ने वियतनाम समाचार एजेंसी के हवाले से बताया, ÷प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह ने स्थानीय अधिकारियों को बिजली, दूरसंचार, परिवहन, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं को तत्काल बहाल करने का आदेश दिया है। साथ ही, नए शैक्षणिक वर्ष से पहले प्रभावित समुदायों को स्थिर करने के लिए राहत सामग्री पहुंचाने और क्षतिग्रस्त घरों की मरम्मत करने का भी आदेश दिया है। वियतनाम में साल का पांचवां तूफान, टाइफून काजिकी, इस



सप्ताह की शुरुआत में आया और इसने कई उत्तरी और मध्य प्रांतों में भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ तबाही मचाई। वियतनाम अकेला ऐसा देश नहीं है जो टाइफून काजिकी का सामना कर रहा है। यह तूफान पहले चीन के हैनान द्वीप से गुजरा था और दक्षिण चीन में भारी बारिश और तेज हवाएं लेकर आया था। वर्ष का 13वां तूफान, काजिकी, रविवार रात दक्षिण चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान के तट से गुजरा, जिससे 1,00,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए। काजिकी प्रतिक्रिया पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के अनुसार, यह तूफान रिसॉर्ट शहर सान्या से लेडोंग ली स्वायत्त काउंटी तक के अपतटीय क्षेत्रों से गुजरा और वियतनाम के मध्य और उत्तरी तटीय क्षेत्रों की ओर बढ़ गया। शुरुआती आंकड़ों से पता चला है कि हैनान में लगभग 1,02,500 लोग प्रभावित हुए हैं, और सोमवार सुबह 9 बजे तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

तूफान ने सान्या, लेडोंग, लिंगशुई और वानिंग सहित कई शहरों और जिलों में सड़कों, वाटर सप्लाई सिस्टम, बिजली और संचार सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में पेड़ गिर गए हैं और बाढ़ आ गई है।

सेना, सशस्त्र पुलिस और अग्निशमन दल के 10,000 से अधिक कर्मियों को भेजा गया है और गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण, आपदा राहत और सड़क मार्ग साफ करने के लिए 7,70,000 से अधिक आपातकालीन आपूर्तियां आवंटित की गई हैं।

## नेपाल में भारत के अलावा अन्य देश से भारतीय मुद्रा लाने ले जाने पर प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल की केन्द्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक ने किसी भी व्यक्ति को भारत के अलावा अन्य किसी भी देश से भारतीय मुद्रा लाने और ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। राष्ट्र बैंक की तरफ से मंगलवार को जारी सूचना में इस संबंध में किए गए प्रावधानों की जानकारी दी है। नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर डॉ विश्व पौडेल ने बताया कि नेपाल के नागरिक हो या किसी अन्य देश के नागरिक आज से किसी को भी भारत के अलावा किसी अन्य देश से भारतीय मुद्रा ले जाने और नेपाल लाने पर कानूनी रुप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। गवर्नर पौडेल ने कहा कि नेपाल आने वाले भारतीय सहित अन्य देशों के नागरिकों को 100 रुपये से अधिक के नोट अपने साथ में न रखें। नेपाल राष्ट्र बैंक ने नेपाल में भारत के सिर्फ सौ का नोट ही कानूनी रूप से वैध है। आज जारी सूचना में कहा गया है कि यदि किसी के पास 100 रुपए से अधिक का कोई भी भारतीय नोट पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही यह भी जानकारी दी गई है कि भारत में 9 नवंबर 2016 से बंद किए जा चुके 500 और 1000 के पुराने नोट पाए जाने पर उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। नेपाल आने वाले भारतीय नागरिकों को अपने साथ 4 लाख 38 हजार रुपये तक नकद रखने की छूट दी गई है। भारत से आने वाले अन्य विदेशी नागरिकों को 5000 अमेरिकी डॉलर तक लाने की छूट दी गई है। इससे अधिक रकम लाने पर उसकी स्वघोषणा करना अनिवार्य बनाया गया है। इसके अलावा अन्य विदेशी मुद्रा लाने की छूट भी 5000 डॉलर बराबर के रकम तक की गई है।

# अफगानिस्तानः काबुल में सड़क दुर्घटना, 25 लोगों की मौत, 27 घायल

एजेंसी

**काबुल ।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के पश्चिम में सुबह एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी तालिबान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि यह घटना दक्षिणी कंधार को काबुल से जोड़ने वाले राजमार्ग पर अरघांडी इलाके में हुई और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई। कानी ने आगे बताया कि पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत संज्ञान लिया और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया। अफगानिस्तान में सड़क सुरक्षा के लिहाज से यह सप्ताह बेहद विनाशकारी रहा है, जिसमें लगभग 100 लोगों की जान चली गई। काबुल की दुर्घटना से पहले पश्चिमी हेरात प्रांत के गुजारा जिले में एक और भीषण हादसा हुआ था। इस दुर्घटना में एक यात्री बस ईरान से



निर्वासित अफगान प्रवासियों को काबुल ले जा रही थी। यह बस एक मोटरसाइकिल और ईंधन ट्रक से टकरा गई, जिसके बाद बस में आग लग गई और 79 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 19 बच्चे और कई महिलाएं शामिल थीं। प्रांतीय पुलिस ने बताया कि 24 अगस्त को उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक वाहन के सड़क से उतरकर पलट जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने बताया कि यह घटना 24 अगस्त को कोहिस्तान जिले के पुल-ए-शोपे इलाके में हुई, जहां एक यात्री वाहन लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण पलट गया। मृतकों में एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं, जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## श्रीलंका के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी देशबंधु तेनाकून को तीन साल बाद मिली जमानत, जेल से रिहा

एजेंसी

**कोलंबो।** देश के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी देशबंधु तेनाकून लगभग तीन साल बाद आज जेल से रिहा कर दिए गए। तेनाकून को 9 मई, 2022 को गॉल फेस में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट निलुपुली लंकापुरा ने उन्हें सशर्त जमानत देते हुए उनकी यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है।

डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिरीक्षक तेनाकून को डुम्बारा जेल से जूम के जरिए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने जमानत आदेश में स्पष्ट किया कि तेनाकून इस मामले में 33वां संदिग्ध नहीं, बल्कि 37वां संदिग्ध है। 33वां संदिग्ध लियानाद मेंडिस है। श्रीलंका के उच्चतम न्यायालय ने 14 दिसंबर, 2023 को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए देशबंधु तेनाकून को यातना के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद उनकी नियुक्ति के खिलाफ दायर नौ मौलिक पुलिस महानिरीक्षक के रूप में कार्य करने से रोक दिया था। याचिकाओं में देशबंधु पर ईस्टर संडे नरसंहार और



याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम आदेश जारी करके तेनाकून को कार्यवाहक मई 2022 में 'गोटागोगामा' विरोध स्थल पर हुई घटनाओं के संबंध में उनकी चूक के आरोप लगाए गए थे।

# श्रीलंका में रानिल विक्रमसिंघे के समर्थक अदालत के फैसले से खुश

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थक और प्रशंसक अदालत के उन्हें जमानत देने के फैसले से खुश हैं। विपक्षी नेता सजित प्रेमदासा ने विक्रमसिंघे को जमानत देने के अदालत के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, इससे एक बार फिर साबित होता है कि न्यायपालिका में कोई भी दखल नहीं दे सकता। हम इस नतीजे से खुश हैं। इससे साबित होता है कि देश की न्याय व्यवस्था स्वतंत्र है। डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार, कल फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में कुछ पल तनावपूर्ण रहे। जब खबर आई कि पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को कथित सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़े मामले में जमानत मिल गई है तो स्थिति सामान्य हो गए। दोपहर से ही अदालत के बाहर भीड़ जमा थी। लोग रानिल के समर्थन में नारे लगा रहे थे। न्यायालय के प्रवेश द्वार पर उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई जब बौद्ध भिक्षुओं



के एक समूह को प्रवेश करने से रोक दिया गया। भिक्षु थिन्यावाला ज्ञानलोक थेरा और अम्बनपोला ज्ञानरत्न थेरा ने बाद में पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। जमानत मिलने की सूचना पाकर श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) सांसद नमल राजपक्षे ने भावुक बयान देते हुए कहा, हम किसी भी चीज के लिए तैयार हैं। मौजूदा सरकार ने मेरे परिवार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। मेरे पिता ने 1989 के विद्रोह के दौरान जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) सदस्यों को बचाने की कोशिश की थी, फिर भी आज वे उनके पीछे पड़े हैं। पूर्व सांसद हिरुनिका प्रेमचंद्र ने भी भावुक होते हुए कहा, कुछ लोग पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और उनकी पत्नी मैत्री के पीछे पड़ गए हैं। वो कैंसर से जूझ रही हैं और लोग उनकी मृत्यु की कामना भी कर रहे हैं। इसलिए मैं जेवीपी मुख्यालय जाकर %अनुरा, अनुरा% चिल्लाने को मजबूर हूं। सांसद चमारा संपत दासनायके ने विपक्षी दलों से एकता का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मुझे परवाह नहीं कि नेतृत्व कौन करता है। अब महत्वपूर्ण यह है कि हम सब एक झंडे तले एकजुट हों। जब रानिल विक्रमसिंघे से संसद में वापसी के बारे में पूछा गया तो उनके साथ मौजूद पूर्व मंत्री मनुशा नानायक्कारा ने इस संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, अगर विक्रमसिंघे संसद में वापसी करना चाहते, तो वे पहले ही ऐसा कर चुके होते।

## ईरानी राजदूत को ऑस्ट्रेलिया से निकालने के बाद तेहरान बोला- 'हम भी जवाब देंगे'

एजेंसी

**सिडनी/तेहरान।** ईरान ने ऑस्ट्रेलिया द्वारा अपने राजदूत को निष्कासित करने के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चेतावनी दी है कि इस कूटनीतिक कदम का 'जवाबी असर' होगा। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब ऑस्ट्रेलिया ने ईरान पर सिडनी और मेलबर्न में यहूदी संस्थानों पर आगजनी के हमलों के पीछे होने का आरोप लगाया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने मंगलनार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम इन ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं। कूटनीतिक स्तर पर किसी भी अनुचित कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। बाकाई ने यह भी आरोप लगाया कि ऑस्ट्रेलिया का यह कदम घरेलू राजनीतिक दबाव का नतीजा है और हाल के गाजा युद्ध विरोधी प्रदर्शनों से ध्यान हटाने के लिए उठाया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को कमजोर नेता बताते हुए लिखा, ईरान पर लगाया गया आरोप बिल्कुल बेतुका है। यह कार्रवाई केवल फिलिस्तीन के लिए ऑस्ट्रेलियाई जनता के समर्थन की कीमत है। कैनबरा को यह समझना चाहिए कि वह युद्ध अपराधियों द्वारा संचालित शासन (इजराइल) को खुश करने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने बड़ा फैसला लेते हुए ईरानी राजदूत अहमद सादेगी को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर उन्हें और तीन अन्य अधिकारियों को सात दिनों के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने अपना दूतावास तेहरान में बंद कर दिया और अपने राजदूत को भी वापस बुला लिया।

# बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी

**ढाका (बांग्लादेश)/सियोल (दक्षिण कोरिया)।** बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया ने अपने मौजूदा राजनीतिक और विकासात्मक संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई है। साथ ही रणनीतिक साझेदारी के अवसर भी तलाशे हैं। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों देशों ने यह सहमति कल सियोल में आयोजित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के चौथे दौर के दौरान जताई। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार की खबर में आज यह जानकारी दी गई। द डेली स्टार के अनुसार, विदेश मंत्रालय के सचिव (द्विपक्षीय-पूर्व और पश्चिम) डॉ. नजरुल इस्लाम ने बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल और कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रथम उपमंत्री पार्क यूनजू ने किया। दक्षिण कोरिया 1.3 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)



के साथ बांग्लादेश का पांचवां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रदाता है। सैमसंग सहित 200 से अधिक कोरियाई कंपनियों की बांग्लादेश में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। दक्षिण कोरिया में लगभग 20,000 बांग्लादेशी नागरिक रहते हैं। इनमें से अधिकांश प्रवासी कामगार और उनके परिवार हैं। प्रतिनिधियों ने राजनीतिक और आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश, मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे के विकास, कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उत्पादन संयंत्रों के स्थानांतरण, ऊर्जा सहयोग, सुरक्षा और रोहिंग्याओं की स्थिति के साथ-साथ आपसी हित के अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा परिवर्तन, मत्स्य पालन, जैव प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, कृषि मशीनीकरण और समुद्री बंदरगाहों एवं शिपयार्डों के आधुनिकीकरण में सहयोग के नए अवसरों की पहचान की। कोरियाई पक्ष ने ऋण और अनुदान दोनों के तहत बांग्लादेश की उच्च-गुणवत्ता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन किया। कोरियाई पक्ष ने रोहिंग्याओं की मेजबानी में बांग्लादेश की मानवीय भूमिका की सराहना की और निरंतर मानवीय सहायता के साथ-साथ म्यांमार में उनके शीघ्र प्रत्यावर्तन के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया।

# पाकिस्तान में पंजाब के छह जिलों में बाढ़ से निपटने के लिए सेना बुलाई गई

एजेंसी

**लाहौर (पंजाब) पाकिस्तान।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के छह जिलों में नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि से बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। पंजाब सरकार तटीय क्षेत्र के गांवों को खाली करा रही है। साथ ही बचाव और राहत कार्यों में सहायता के लिए छह जिलों में सेना बुलाई गई है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने मंगलवार देर रात कहा कि भारत ने रावी नदी पर स्थित अपने थीन बांध के सभी द्वार खोल दिए हैं। इस दौरान बारिश के कारण चिनाब नदी उफान पर है। चिनाब के निचले इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं डान अखबार की खबर के अनुसार, बुधवार आधीरात बाद 2 बजे हेड मराला में चिनाब और हेड जस्सर में रावी नदियां खतरे के निशान को पार कर गईं। इससे इलाके में बाढ़ आ गई। चिनाब पर स्थित हेड खानकी और हेड कादिराबाद भी अगले 24 घंटों के भीतर खतरनाक स्तर को पार कर सकते हैं। अधिकारियों को डर है कि रावी नदी से व्यापक नुकसान हो सकता है। लाहौर और कसूर सहित कई जिलों में आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो गई है। कसूर में 72 गांव और 45,000 निवासी प्रभावित हुए हैं। पाकपट्टन, वेहारी, बहावलनगर और बहावलपुर सहित सतलुज बेसिन में हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 14,000 नागरिकों और 17,000 पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पीडीएमए ने कहा कि उसने 130 नावें, 115 आउटबोर्ड मोटरें, 500 बचावकर्मी, 1,300 लाइफ जैकेट और 1,600 टेंट भी तैनात किए हैं। रेस्क्यू 1122 ने कहा कि उसने कसूर, ओकारा, पाकपट्टन, बहावलनगर और वेहारी से 28,055 लोगों को निकाला है। पीडीएमए के महानिदेशक इरफान अली काठिया ने नदी-तल और नालों, खासकर देग नाले से तत्काल जल निकासी के आदेश दिए हैं। इस बीच राहत आयुक्त नबील जावेद ने मुर्री और गलियत में भूस्खलन की चेतावनी जारी की है। पंजाब गृह विभाग के एक प्रवक्ता के अनुसार, लाहौर, फैसलाबाद, कसूर, सियालकोट, नरोवाल और ओकारा जिलों में जिला प्रशासन की मदद के लिए सेना की तैनाती की गई है। इस बीच राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल इनाम हैदर मलिक ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के 7,500 ग्लेशियरों में से लगभग 45 प्रतिशत तेजी से पिघल रहे हैं।

## अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रुबियो कल अपने इजराइली समकक्ष से मिलेंगे

एजेंसी

**वाशिंगटन (अमेरिका),।** अमेरिका के विदेशमंत्री मार्को रुबियो कल दोपहर विदेश विभाग में इजराइली विदेशमंत्री गिदोन सार से मुलाकात करेंगे। इसी वक्त व्हाइट हाउस में गाजा पर एक बड़ी बैठक



होने की उम्मीद है। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप करेंगे। सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइली विदेशमंत्री गिदोन सार इस समय वाशिंगटन में हैं। रूबियो से मुलाकात के अलावा सार गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम से भी मुलाकात करने वाले हैं। नोएम इजराइली दूतावास के कर्मचारियों यारोन लिस्चिंस्की और सारा मिलग्राम की हत्या के बाद मई में इजराइल का दौरा कर चुकी हैं। विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा है कि व्हाइट हाउस में गाजा पर होने वाली अहम बैठक की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक में बहुत से लोग शामिल होंगे। यह बैठक राष्ट्रपति ट्रंप के मानवीय उद्देश्यों को दर्शाती है।

# बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, चीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी दी

एजेंसी

**क्वेटा (बलोचिस्तान) ।** बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, चीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी दी है। बीएलएफ ने कहा कि बलोचिस्तान के संसाधनों का दोहन करने में पाकिस्तान के साथ गठबंधन करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को परिणाम भुगतने होंगे। इसी के साथ बीएलएफ ने अपने आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय समर्थन की अपनी अपील को दोहराया है। द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, यह चेतावनी बीएलएफ के प्रवक्ता मेजर ग्वाहरम बलोच ने जारी एक बयान में दी। प्रवक्ता ने कहा कि बीएलएफ का आंदोलन बलोच राष्ट्रीय मुक्ति संग्राम है। इस संघर्ष का एकमात्र मकसद पाकिस्तान से आत्मनिर्णय का अधिकार प्राप्त करना है। मेजर ग्वाहरम ने कहा कि बलोच स्वतंत्रता संग्राम 75 वर्ष से भी अधिक समय से चल रहा है। बयान में कहा गया है, बलोच आतंकवादी नहीं हैं। वे स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपनी मातृभूमि, संसाधनों और राष्ट्रीय पहचान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बीएलएफ ने बलोचिस्तान की खनिज संपदा के खनन के संबंध में पाकिस्तान के साथ नए समझौते करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की कड़ी निंदा की। ग्वाहरम के अनुसार, वाशिंगटन का यह निर्णय एक गंभीर अन्याय है। बयान में अमेरिका की संलिप्तता की तुलना पाकिस्तान और चीन के बीच ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) पर हुए पहले के समझौतों से की गई। बीएलएफ ने बीजिंग पर बलोच स्वतंत्रता आंदोलन को आतंकवाद बताकर अपनी औपनिवेशिक भूमिका को छुपाने का आरोप लगाया। प्रवक्ता ने कहा, बलोचिस्तान के संसाधनों



की लूट में पाकिस्तान के साथ साझेदारी करने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई सफलता हासिल नहीं होगी। बीएलएफ ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को भी चेतावनी दी और दोनों देशों से बलोचिस्तान में निवेश से बचने का आग्रह किया। ग्वारम बलोच ने पाकिस्तान की सेना पर बलोचिस्तान में नागरिकों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। समूह ने अपना रुख दोहराया कि बलोच मुक्ति आंदोलन पाकिस्तान का आंतरिक मामला नहीं है। ग्वारम ने सीधे तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और चीन को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि बलोचिस्तान के संसाधनों का दोहन करने में पाकिस्तान के साथ गठबंधन करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा, यह जापान नहीं है, आयरलैंड नहीं है, या कोई और क्षेत्र नहीं है। यह बलोचिस्तान है। विरोधियों के लिए इसका भूगोल कठोर है, लेकिन बलोचों का प्रतिरोध कहीं ज्यादा कठोर है।समूह के प्रवक्ता ने कहा कि बीएलएफ को पड़ोसी देशों और वैश्विक शक्तियों से वित्तीय, सैन्य और कूटनीतिक समर्थन की आवश्यकता है। बलोच ने यह भी कहा, हमें अपना संघर्ष शुरू करने या खत्म करने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। बलोच राष्ट्र किसी भी कीमत पर अपने खनिजों, तेल, गैस और तटरेखा की रक्षा करेगा।